राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 170
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 16 मई 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में अवैध इमारत पर लिखा 'ये बिल्डिंग अवैध है'
पेज 4 बलरामपुर में एक परिवार के 5 लोगों की मौत
पेज 6 नीरज चोपड़ा लेटिनेंट कर्नल की मानद उपाधि से समानित

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद कंगना ने ट्रंप को बताया अल्फा पुरुष

**शिमला।** हिमाचल की मंडी सीट से भाजपा सांसद कंगना रनोट ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अल्फा पुरुष (अधिक प्रभावशाली) बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सब अल्फा पुरुषों का बाप लिख डाला। कंगना ने यह बात अपने एक्स अकाउंट पर लिखी। इस पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने संज्ञान लिया और कंगना से पोस्ट डिलीट करवाया। पोस्ट डिलीट करवाने वाली बात कंगना खुद एक्स पर पोस्ट करके बताई। मगर, तब तक लोग कंगना के पहले वाले पोस्ट को खूब शेयर कर चुके थे।

### रोटवीलर डॉग के हमले में 4-महीने की बच्ची की मौत

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में सोमवार (12 अप्रैल) को रोटवीलर नस्ल के पालतू कुत्ते के हमले में 4 महीने की बच्ची की मौत हो गई थी। बुधवार को कैबिनेट में भी यह मामला उठा और लंबी चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि चर्चा के अंत में यह फैसला लिया गया है कि कुत्तों को रखने के लिए भी नियम बनाए जाएंगे। अहमदाबाद नगर निगम ने भी आने वाले दिनों में मवेशी पॉलिसी की तरह पालतू कुत्तों को लेकर भी नई पॉलिसी लाने की तैयारी शुरू कर दी है। निगम ने आदेशानुसार, जो लोग 31 मई तक पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नहीं कराएंगे, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही जुर्माना राशि भी बढ़ा दी जाएगी।



### हैप्पी मॉर्निंग

सेल्समैन- मैडम, मेरे पास एक ऐसी किताब है, जिसमें पतियों के देर रात तक घर से बाहर रहने के 100 बहाने बताए गए हैं, क्या आप इस किताब को खरीदना चाहेंगी...? महिला- मैं इस किताब को खरीदूं ऐसा आपको क्यों लगता है...? सेल्समैन- मैडम, क्योंकि इस किताब की एक प्रति आज सुबह ही मैंने आपके पति को बेची है...!



### शायरी

ईमान धर्म मानकर, करते जो
निज कार्य
मोह त्याग करना उन्हें, होता है
अनिवार्य

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,530.74
+1,200.18 (1.48%)
निफ्टी:
25,062.10
+395.20

### मौसम



अधिकतम : 41 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूयोदय शनिवार : 5 : 30
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 06

# भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर 5 दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति का यू-टर्न

## पहले कहा था युद्धविराम कराया, अब बोले- मैंने सिर्फ मदद की



दोहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 5 दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है। ट्रम्प ने कहा, मैं ये नहीं कहता कि ये मैं ने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सेटल करने में मदद की। भारत-पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हमले हो सकते थे। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागनी शुरू कर दी, लेकिन हमने सब सेटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था।

### ट्रम्प का 15 मई को कतर में दिया बयान-

मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था, भारत बहुत खुश था।

मुझे लगता है कि वे सही रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा, वे बीते 1000 साल से लड़ रहे हैं। मैंने कहा कि मैं समझौता करा सकता हूं। और मैंने समझौता करा दिया। मैंने कहा कि मुझे इसे निपटाने दो।

चलो, उन सभी को एक साथ लाते हैं। आप एक हजार सालों से लड़ रहे हैं और कितना लड़ते रहेंगे। मैं समझौते को लेकर आश्वस्त नहीं था। ये बहुत मुश्किल था।

वे लंबे समय से लड़ रहे थे। यह वास्तव में नियंत्रण से बाहर होने जा रहा था।

### ट्रम्प बोले- मैं नहीं चाहता एपल प्रोडक्ट भारत में बनें

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एपल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एपल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार है।

# 500 करोड़ के बांके बिहारी कॉरिडोर को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

## पैसा मंदिर के खजाने से लिया जाएगा, भगवान के नाम पर होगी जमीन

**मथुरा।** बांके बिहारी मंदिर के खजाने से कॉरिडोर बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कॉरिडोर बनाने की मंजूरी दे दी। अब 5 एकड़ में भव्य कॉरिडोर बनाया जाएगा।

कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपए से कॉरिडोर के लिए मंदिर के पास 5 एकड़ जमीन अधिगृहीत करने की इजाजत दी। साथ ही शर्त लगाई कि अधिगृहीत भूमि भगवान के नाम पर पंजीकृत होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को भी संशोधित किया। हाईकोर्ट ने मंदिर के आसपास की भूमि को सरकारी धन का उपयोग करके खरीदने पर रोक लगा दी थी। बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट में ईश्वर चंद्र शर्मा ने याचिका दाखिल की थी। इसमें दो मुद्दे रखे गए थे। पहला- रिसीवर को लेकर, दूसरा- कॉरिडोर निर्माण को लेकर। इन दोनों मुद्दों पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया।

बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए प्रदेश सरकार मंदिर के खजाने की राशि से कॉरिडोर के लिए जमीन खरीदना चाहती थी।

लेकिन, इसका मंदिर के गोस्वामियों ने विरोध किया और मामला हाइकोर्ट पहुंच गया।

# बिना परमिशन छात्रावास जाने पर राहुल गांधी पर एफआईआर

### बिहार में 7 घंटे रहे, कहा- प्राइवेट सेक्टर में रिजर्वेशन न मिलने तक लड़ेंगे



**दरभंगा, पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को बिहार में 7 घंटे रहे। दरभंगा में प्रशासन की परमिशन के बिना छात्रावास पहुंचे और 12 मिनट छात्रों को मंच से संबोधित किया। बिना परमिशन छात्रावास जाने के लेकर दरभंगा में राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार की ओर से दर्ज कराई गई है।

दरभंगा से पटना आने के बाद उन्होंने 400 सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ फुले मूवी देखी। मूवी देखने के बाद कहा, अच्छी थी, सभी को देखना चाहिए। शाम 5.30 बजे राहुल पटना से दिल्ली के रवाना हो गए। इसके पहले उन्होंने दरभंगा में कहा कि, मोदी ने डरकर जातीय जनगणना करवाने का ऐलान किया है। लोकसभा में हमने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि आपको जाति जनगणना करानी पड़ेगी। संविधान को माथे से लगाना पड़ेगा। आपके दबाव से पीएम ने जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया। लेकिन वो लोकतंत्र, संविधान और जाति जनगणना के खिलाफ हैं। यह अडाणी-अंबानी की सरकार है।

### अमलनेर स्टेशन पर कोयला ले जा रही मालगाड़ी पटरी से उतरी, सात डिब्बे और इंजन डिरेल

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल डिविजन के अंतर्गत आने वाले अमलनेर स्टेशन पर आज दोपहर बड़ा रेल हादसा टल गया। दोपहर 2 बजकर 18 मिनट पर जलगांव की ओर से कोलया लेकर गांधीनगर के पास स्थित जीएनसी पावर प्लांट की तरफ जा रही थी मालगाड़ी पटरी से उतर गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन लूप लाइन से मेन लाइन पर जा रही थी रेलवे की जानकारी के मुताबिक, इस दुर्घटना में कुल सात डिब्बे और एक इंजन पटरी से उतर गए। हादसे की वजह से अमलनेर स्टेशन पर अप और डाउन दोनों रेल मार्ग फिलहाल बंद कर दिए गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

# 'मैं शांति के लिए तैयार हूं'

## भारत के एक्शन के बाद अमन की भीख मांग रहा शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि वे भारत के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर के अनुसार , पाकिस्तान के पंजाब में कामरा एयर बेस के दौरे के दौरान शरीफ ने कहा कि उनका देश भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है।

### शांति की शर्तों में कश्मीर मुद्दा भी शामिल

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांति की शर्तों में कश्मीर मुद्दा भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद



दोनों देशों के बीच चार दिनों तक सैन्य तनाव की स्थिति बनी रही। एयरबेस पर शहबाज के साथ उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी मौजूद थे।

### भारत ने लिया पहलगाम हमले का बदला

22 अप्रैल को पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने जम्म कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले लिए। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में 9 ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की। सेना की कार्रवाई में 100 आतंकी से ज्यादा मारे गए।

### 10 मई को दोनों देशों ने सीजफायर का एलान किया था

पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस सिस्टिम ने पाकिस्तान के हर हमलों का करारा जवाब दिया। वहीं, भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर जबरदस्त सैन्य कार्रवाई की। हांलांकि, चार दिनों तक चले सैन्य तनाव के बाद 10 मई को दोनों देशों ने सीजफायर का एलान किया था।

# हरदोई में ऑटो-डंपर की टक्कर में 7 की मौत

## ऑटो रिक्शा की छत उड़ी, सवारियां 10 फीट दूर जाकर गिरीं



हरदोई। हरदोई में ऑटो और डंपर की आमने-सामने टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो रिक्शा की छत उड़ गई। उसमें सवार लोग उछलकर 8-10 फीट दूर जा गिरे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को संडीला सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने 6 लोगों को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। 3 घायलों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया, जहां 7 साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह संडीला-बांगरमऊ रोड की है।

### डंपर ने सामने से आ रहे ऑटो को टक्कर मारी

घटना संडीला थाना क्षेत्र अंतर्गत संडीला-बांगरमऊ रोड पर गुरुवार सुबह 9.45 बजे की है। तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रहे ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी।

ऑटो में चालक को मिलाकर कुछ 9 लोग सवार थे। इनमें 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान औरामऊ निवासी ऑटो चालक रंजीत (35) पुत्र लालता, बहदीन निवासी अंकित (28) पुत्र राम सिंह, मल्हनखेड़ा निवासी अरविंद कुमार (32) पुत्र नंदीलाल, कासिमपुर थाना क्षेत्र के धतिनगड़ा की निवासी पिंकी उर्फ बिटान (24) पत्नी रोहित, जुगनू (7) और उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर की निवासी फूलजहां (24) पत्नी सिराज और कछौना थाना क्षेत्र के उनवा गांव निवासी निसार (40) पुत्र जहूर के रूप में हुई है।

### हादसे में मां-बेटे की मौत

हादसे में उन्नाव का एक परिवार भी शामिल है। उन्नाव के बेहटा मुजावर की निवासी फूलजहां की मौत हो गई है। वहीं उनके पति सिराज (26) और 4 साल का बेटा एजाज गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कासिमपुर थाना क्षेत्र निवासी पिंकी उर्फ बिटान (24) की भी मौत हुई है। उसके घायल 7 साल के बेटा जुगनू ने मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महिला अपने मायके से ससुराल लौट रही थी।

### कुछ सवारियां ऑटो के अंदर ही फंसी रह गईं

डंपर की टक्कर लगते ही ऑटो में बैठे कुछ लोग उछलकर दूर जा गिरे, जबकि कुछ अंदर ही फंसे रह गए। ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस-108 को सूचना दी। कुछ ही देर में संडीला और कासिमपुर थाने की पुलिस और दो एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। सभी को संडीला सीएचसी ले जाया गया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- केंद्र जल्द नए स्पेशल पॉक्सो कोर्ट बनाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सरकार को निर्देश दिया कि वह बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों से निपटने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पॉक्सो कोर्ट बनाए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्यों ने स्पेशल पॉक्सो कोर्ट बनाए हैं, लेकिन तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में केस पेंडेंसी के चलते और ज्यादा कोर्ट बनाए जाने की जरूरत है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के मामलों के लिए स्पेशल कोर्ट कम होने के कारण मामले की जांच करने के लिए डेडलाइन का पालन नहीं हो पा रहा है। कोर्ट ने पॉक्सो केस के लिए निर्धारित डेडलाइन के अंदर ट्रायल पूरा करने के अलावा निर्धारित अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है।

# लखनऊ में चलती एसी बस में आग, 5 जिंदा जले

- पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला; बिहार से दिल्ली जा रही थी

**लखनऊ।** लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी।

हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं।

बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शव इतनी बुरी तरह जल गए थे कि पहचान पाना मुश्किल था। दो बच्चों के शव सीट पर थे, जबकि दो महिलाओं और युवक का शव सीट के बीच में पड़ा था। लॉकेट और कड़ों से बच्चों की पहचान हुई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि शॉर्ट सर्किट से चलती बस में आग लगी। इमरजेंसी गेट नहीं खुला। इस वजह से पीछे बैठे लोग फंस गए। बस में पांच-पांच किलो के सात गैस सिलेंडर थे।

# जम्मू-कश्मीर में तुलबुल प्रोजेक्ट पूरा करने की मांग उठी

### पाकिस्तान ने इस बैराज का काम रुकवाया था; लोग बोले- 38 साल बाद जवाब देने का मौका



**श्रीनगर।** सिंधु जल संधि रुकने से उत्तरी कश्मीर के बारामुला, बांदीपोरा और दक्षिण कश्मीर के श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा और कुलगाम के गांवों के किसान खुश हैं। उनका कहना है कि 38 साल बाद भारत को तुलबुल बैराज का काम शुरू करने का मौका मिला है।

भारत ने इसका काम 1984 में शुरू किया था। इससे दक्षिण से उत्तरी कश्मीर तक 100 किमी का नौवहन कॉरिडोर बनता और कश्मीर की लाइफलाइन झेलम का पानी रुकता और नदी में कभी सूखा नहीं पड़ता। एक लाख एकड़ जमीन सिंचित रहती, लेकिन 1987 में पाक ने इसे सिंधु जल संधि का उल्लंघन बताते हुए काम रुकवा दिया था।

अब हालात बदले हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी गुरुवार को संकेत दिए कि जब सिंधु संधि निलंबित हो चुकी है तो तुलबुल प्रोजेक्ट फिर शुरू करना चाहिए। इससे सर्दियों में 24 घंटे बिजली मिलेगी।

सुनवाई

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अंतरिम राहत के मुद्दे पर विचार करेंगे, केंद्र बोला- यथास्थिति बनी रहेगी

# वक्फ कानून के खिलाफ याचिका पर सुनवाई 20 मई को

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 20 मई को सुनवाई की जाएगी। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने कहा कि केंद्र और याचिकाकर्ता सोमवार यानी 19 मई तक अपना हलफनामा पेश करें।

केंद्र की और से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। इससे पहले 5 मई को सुनवाई टल गई थी।

बेंच ने कहा कि अंतरिम राहत दिए जाने के मुद्दे पर हम 20 मई को विचार करेंगे। दोनों पक्षों के वकीलों ने कहा था कि याचिकाओं के मुद्दों पर नजर डालने के लिए न्यायाधीशों को कुछ और वक्त की आवश्यकता हो सकती है।

केंद्र ने भी कहा कि जब 20 मई को सुप्रीम कोर्ट मामले को सुन रहा है, तब तक कानून के अहम प्रावधान लागू नहीं होंगे, यथा स्थिति बनी रहेगी।

### कोर्ट ने केंद्र को तीन निर्देश दिए थे...

केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा था कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया और कोर्ट से झूठा हलफनामा देने वाले वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की।

नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुई हैं, लेकिन कोर्ट सिर्फ पांच मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई करेगा। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। नया कानून अप्रैल में राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू हुआ था।

लोकसभा में 288 और राज्यसभा में 128 सांसदों ने इसका समर्थन किया था। कई विपक्षी पार्टियों ने इसका विरोध किया और सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 16 मई 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# सेना में महिलाओं की संख्या : एक बदलता परिदृश्य

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का मुद्दा लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। परंपरागत रूप से, सेना को पुरुष-प्रधान क्षेत्र माना जाता रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाओं ने इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हालांकि, उनकी संख्या और भूमिकाओं को लेकर सवाल उठते रहे हैं। यह लेख भारतीय सेना में महिलाओं की स्थिति, उनकी बढ़ती भागीदारी और चुनौतियों पर प्रकाश डालता है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

भारतीय सेना में महिलाओं की भागीदारी 1990 के दशक से शुरू हुई, जब उन्हें गैर-लड़ाकू भूमिकाओं में शामिल किया गया। शुरू में, महिलाएं मुख्य रूप से मेडिकल, डेंटल और नर्सिंग सेवाओं में कार्यरत थीं। 1992 में, शॉर्ट सर्विस कमीशन (स्स्ष्ट) के तहत महिलाओं को गैर-चिकित्सा क्षेत्रों में भर्ती करने का निर्णय लिया गया, जो एक महत्वपूर्ण कदम था। फिर भी, उनकी संख्या सीमित रही। 2019 के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय थल सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 3.8 प्रतिशत, वायुसेना में 13 प्रतिशत और नौसेना में 6 प्रतिशत थी।

### वर्तमान स्थिति

हाल के वर्षों में, भारतीय सेना में महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, जनवरी 2024 तक थल सेना में 1,733 महिला अधिकारी और 100 अन्य रैंक की महिला कर्मी कार्यरत हैं। वायुसेना में 1,654 महिला अधिकारी और नौसेना में 580 महिला अधिकारी व 726 महिला अग्निवीर हैं। इसके अलावा, मेडिकल कोर, डेंटल कोर और नर्सिंग सेवाओं में महिलाओं की संख्या क्रमशः सेना में 5,221, नौसेना में 581 और वायुसेना में 699 है।

2020 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने महिलाओं को स्थायी कमीशन प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे उनकी सेवा अवधि और करियर प्रगति में सुधार हुआ। इसके परिणामस्वरूप, 2023 तक तीनों सेनाओं में कुल 11,414 महिलाएं तैनात थीं, जिनमें से 4,948 गैर-चिकित्सा भूमिकाओं में थीं। नेशनल डिफेंस अकादमी में 2022 से महिला कैडेटों की भर्ती शुरू हुई, और हर छह महीने में 19 महिला कैडेट शामिल की जाती हैं।

### प्रगति और पहल

महिलाओं की भूमिका अब केवल सहायक सेवाओं तक सीमित नहीं है। वे अब आर्टिलरी, एविएशन और युद्धपोतों जैसी महत्वपूर्ण शाखाओं में भी तैनात हैं। 2021 में, नौसेना ने चार महिला अधिकारियों को युद्धपोतों पर तैनात किया, जो एक नई शुरुआत थी। वायुसेना में महिला पायलट लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, और थल सेना की एविएशन कोर में भी उनकी नियुक्ति हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार सरकार को लैंगिक समानता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। 2020 में, कोर्ट ने कहा कि महिलाओं को स्थायी कमीशन से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। इसके अलावा, सेना ने जेंडर-न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन नीति लागू की है, जिससे महिलाओं को समान अवसर मिल रहे हैं।

### चुनौतियां

हालांकि प्रगति हुई है, फिर भी कई चुनौतियां बाकी हैं। महिलाओं को अभी भी पैदल सेना और बख्तरबंद कोर जैसी युद्धक शाखाओं में नियुक्ति की अनुमति नहीं है। कुछ का मानना है कि शारीरिक क्षमता और सामाजिक मान्यताओं के कारण महिलाओं को युद्ध क्षेत्र में तैनात करना जोखिम भरा हो सकता है। इसके अलावा, सेना में पुरुष-प्रधान मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी रेखांकित किया।

### निष्कर्ष

भारतीय सेना में महिलाओं की संख्या और भूमिका में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और सरकार की नीतियों ने इस बदलाव को गति दी है। फिर भी, पूर्ण लैंगिक समानता के लिए मानसिकता में बदलाव और नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है। महिलाएं न केवल सेना में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, बल्कि नेतृत्व और साहस के नए मानदंड भी स्थापित कर रही हैं। यह नारी शक्ति का प्रतीक है, जो देश की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# नारी सिर्फ प्रेम ही नहीं, पराक्रम भी

हैरानी की बात है कि हिंदी में योद्धा, पहलवान और बलशाली जैसे शब्दों के स्त्रीलिंग रूप ही नहीं हैं। क्या भाषाविदों ने स्वीकार लिया था कि साहस, ताकत और पराक्रम केवल पुरुषों के कब्जे में हैं?

जब कोई स्त्री वीरता दिखाती है तो उसका जेंडर ही बदल देते हैं और उसे मर्दानी कहते हैं। जबकि कायर से कायर आदमी को भी हम जनानी नहीं कह सकते। इतिहास के पन्नों में दर्ज वह मां, जो अपने बच्चे को पीठ पर बांधकर युद्धभूमि में कूदी, क्या वह मर्दानी थी? नहीं वह भी एक नारी थी, जिसने साबित कर दिया कि योद्धा होने के लिये पुरुष होना जरूरी नहीं, हृदय में आग और आत्मा में संकल्प हो तो भी सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी योद्धा होने का गौरव मिल सकता है।

न जाने आज कितनी ही सोफिया और व्योमिका इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि नारी भी पूर्ण रूप से योद्धा हो सकती हैं। ये महिलायें न केवल रणभूमि में बल्कि समाज, परंपरा और सोच की दीवारों से भी लड़ रही हैं। उनकी लड़ाई सिर्फ अस्त्रों से ही नहीं है, उन शास्त्रों से भी है जहां उन्हें देवी तो माना गया पर पराक्रमी नहीं। उसे पूजनीया तो कहा पर तलवार से कोसों दूर रखा। यह भी एक अचंभा है कि हमारी सारी देवियों को पराक्रमशाली रूप में ही स्थापित किया गया है।

अब समय आ गया है कि हम अपनी भाषा और सोच दोनों को ही बदलें। वीरता को लिंग से न जोड़ें, उसे व्यक्ति के साहस से जोड़ें। सबको समझ आ जाना चाहिये कि नारी केवल प्रेम नहीं, पराक्रम भी है। एक महिला को देखकर गुलाब की कोमलता का तो ध्यान आता है पर उसकी बहादुरी का नहीं।

वह आमतौर से गाय तो लगती है पर शेरनी नहीं। नारी केवल प्रेम नहीं, वह चलती फिरती मोटिवेशन मशीन है- बिना चार्जिंग के 24 गुणा 7 ऑन रहती है। नारी सिर्फ नज़ाकत नहीं, जबरदस्त जज्बा भी है। नायिका कहते ही फिल्मी हीरोइन की छवि पर ध्यान जाता है, इसलिये पाकिस्तान के विरुद्ध इस संग्राम की योद्धाओं सोफिया और व्योमिका को नायिका नहीं नायक कहा जाएगा।

लड़की में हमें गुलाब, ख्वाब, किरण, हिरण और आहिस्ता-आहिस्ता चढ़ता नशा ही दिखता है, उसके भीतर बैठे शेर-चीते, आंधी-तूफान, तीर-तोप, गोला-बारूद किसी ने नहीं देखे। अब शुरू कर दो उसका वीर रूप देखना और उसे योद्धा स्वीकारना।

# आपरेशन सिंदूर से नुकसान तो चीन को हुआ

अशोक मधुप




हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश।

भारत के चार दिवसीय आपरेशन सिंदूर को लेकर हुए युद्ध विराम की सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपनी-अपनी सफलता पर प्रसन्न है। दोनों जश्न मना रहे हैं, किंतु इस युद्ध से सबसे ज्यादा लाभ भारत को हुआ है, और सबसे ज्यादा नुकसान युद्ध से दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे चीन को। भारत युद्ध में अपने शस्त्रों विशेषकर मिसाइलों की गुणवत्ता और सटीकता को पूरी दुनिया में साबित करने में कामयाब रहा। इससे भारत में बनी रक्षा प्रणालियों और हथियारों को लेकर माँग अब बढ़ेंगी। हालाकि चीन युद्ध में शामिल नहीं था किंतु पाकिस्तान उसके अस्त्र-शस्त्रों के बल पर जंग के मैदान में था। चीन के बने उपकरण पहले ही अपनी निम्न क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध थे। इस युद्ध में तो उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने और चीन के सामान की शाख मिट्टी में मिला दी। चीन अब सफाई में भले ही यह कह रहा है कि उसके उपकरण सही हैं, पाकिस्तानी सैनिकों पर उन्हें चलाना नही आया। चीन अब कुछ भी सफाई ने किंतु कोई भी देश अब ये मानने को तैयार नहीं कि चीन के शस्त्र किसी काम के हैं। इस चार दिनी युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान चीन को हुआ। चीन अब कुछ भी तर्क दे, कोई भी दावा करे, अब कोई उसकी बात पर यकीन करने वाला नही है।

पाकिस्तान वर्तमान में चीन के बनाए हुए HQ-16 और HQ-9 एयर डिफेन्स सिस्टम का इस्तेमाल करता है। HQ-9 जहाँ 125 किलोमीटर तो HQ-16 लगभग 50 किलोमीटर की रेंज वाला एयर डिफेन्स सिस्टम है। पाकिस्तान के लिए चीन ने इसमें बदलाव किए, इसके बावजूद इसका कोई फायदा नहीं हुआ है। ये सिस्टम न तो भारत के द्रोण रोक सके और नहीं मिसाइल। यह एक भी भारतीय मिसाइल, ड्रोन या लोइटेरिंग म्युनिशन नहीं पकड़ पाए। भारत ने तो इन डिफेन्स सिस्टम को ही तबाह कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जेएफ-17 लड़ाकू विमान भी बेचा। पाकिस्तान को इसका भी कोई लाभ न मिल सका। पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन में बने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चीन के विंग लूँग और CH-II ड्रोन इस्तेमाल किए थे। इन्हें भी भारत ने सीमा पर ही मार गिराया है। इनमें से कोई भी ड्रोन भारत के किसी टार्गेट को हिट नहीं कर पाया।

हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। इतना जानने के बावजूद हम भारतवासी सस्ते के चक्कर में चीन का बना सामान धड़ल्ले से खरीदते हैं। कभी चीन से विवाद के समय ही हमारी देशभक्ति जागती है, वह भी कुछ दिन के लिए और मात्र फेसबुक तक। यदि आधे भारतवासी ही एक साल के लिए चीन के बने सामान का बायकाट कर दें तो चीन घुटनों में आ जाए। कुछ साल के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा से मुंह मोड़कर देखिए। चीन रास्ते पर आ जाएगा।

लगभग 50 के आसपास अरब देश हैं किंतु दो अरब देश तुर्की और अज़रबैजान ही इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े नजर आए। इस लड़ाई में पाकिस्तान ने तुर्की में बने 40 से ज्यादा द्रोण का इस्तमाल किया, हालाकि ये सभी रास्ते में मार दिए गए।

2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्की गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.5 लाख भारतीय अज़रबैजान के बाकू गए। 2022-2024 के दौरान अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अज़रबैजान में औसत प्रवास समय 4-6 दिन है। तुर्की में भारतीयों का औसत प्रवास 7-10 दिन है। कुल मिलाकर, भारतीय अज़रबैजान की अर्थव्यवस्था में सालाना 1,000-1,250 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। भारतीय तुर्की की अर्थव्यवस्था में सालाना 2,900-3,350 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। इस्तांबुल, कप्पाडोसिया और अंताल्या में भारतीयों की सबसे ज़्यादा दिलचस्पी है। विदेश में प्रति भारतीय पर्यटक का औसत खर्च प्रति यात्रा ए से सवा लाख रुपये है। चूंकि भारत का मध्यम वर्ग अतिरिक्त आय के साथ 40 करोड़ तक पहुंच गया है, इसलिए सोशल मीडिया और फिल्मों के माध्यम से लोकप्रियता उन्हें तुर्की और अजरबैजान की ओर आकर्षित कर रही है। भारत के कारण, तुर्की और अजरबैजान में 20,000 प्रत्यक्ष पर्यटन नौकरियों का सृजन हुआ। अप्रत्यक्ष नौकरियां 45,000-60,000 से अधिक हैं। पिछले चार वर्षों में तुर्की के आतिथ्य क्षेत्र में भारतीय निवेश में 35त्न की वृद्धि हुई है।

अपने दुश्मन देश को लाभ पहुंचाना बंद करने देखिए। सांप और सपोलिए पालना बंद करिए। सब रास्ते पर आ जाएंगे। दुनिया भर के देशों में घूमने के लिए बहुत सी खूबसूरत जगह हैं, सिवाय इन दो देशों के। अगली बार, जब भी यात्रा की योजना बनाएँ, तो इन दो देशों को छोड़ कर कहीं भी चले जाए, ये ज्यादा ठीक होगा।

इस चार दिन के भारत और पाकिस्तान के संघर्ष के बाद यह तय हो गया कि दुनिया में भारत के अपने शस्त्रों की विश्वसनीयता बढ़ी है। ब्रह्मोस्त्र की तो पहले ही मांग होने लगी थी। अब और ज्यादा मांग आएगी। भारत का शस्त्रों का बाजार बढ़ेगा। निर्यात बढ़ेगा तो देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। रूस एस-500 बनाने की पहले ही तकनीक भारत को देने को तैयार है। रूस-भारत का विश्वसनीय मित्र है। भारत को चाहिए की समय की मांग को देखते हुए एस-500 का निर्माण अपने यहां शुरू कर दे। राफेल की तरह दुनिया की सबसे श्रेष्ठ तकनीक खरीदे। अमेरिका मात्र शस्त्रों का सौदागर है। वह किसी देश का मित्र नही हो सकता। भारत को चाहिए कि अमेरिका का बिल्कुल विश्वास न करें। इन चार दिनों के युद्ध में रूस और इजराइल भारत के साथ खड़े रहे। अब भारत को समय की जरूरत के हिसाब से नए मित्र बनाने होंगे। अपने को मजबूत करना होगा। तुर्की में भूकंप आने पर भारत ऑपरेशन दोस्त शुरू किया। इसके तहत तुर्की को मेडिकल सहायता भेजी गई। इस ऑपरेशन के तहत एनडीआरएफ की दो टीमें तुर्की भेजीं। इसमें एक डॉग स्क्वॉड भी शामिल था। भारत की रेस्क्यू टीमों ने मलबे में दबे लोगों को खोजने, उन्हें बाहर निकालने में मदद की। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत ने छह विमान और 30 बिस्तरों वाला मोबाइल अस्पताल, मेडिकल सामग्री सहित सभी जरूरी सामान भिजवाए। तुर्किए में भारत का ऑपरेशन दोस्त 10 दिनों तक चला। इसका बदले तुर्की ने पाकिस्तान की किस तरह मदद की। किस तरह शस्त्र भिजवाए, यह हाल में पता चल गया।


अनुमान लगाए जा रहे हैं कि चीन के हथियारों के भारत के खिलाफ फेल होने के बाद अब पाकिस्तान अमेरिका और बाकी पश्चिमी देशों से हथियार खरीदने पर जोर लगाएगा। हालाँकि, उसकी आर्थिक स्थिति को ठीक नही किंतु यह एक हजार साल भी भारत से लड़ने का इरादा रखता है। भले ही उससे दुनिया के आगे भीख मांगनी पड़े। झोली फैलनी पडे।

अमेरिका भारत के विरोध के बावजूद पहले भी पाकिस्तान को युद्ध सामग्री देता रहा है। भात के पुरजोर विरोध के बावजूद उसने पाकिस्तान को एफ-16 विमानों की खेप दी थी। अब चीन से पाकिस्तान का मोहभंग होता देख अमेरिका और मित्र देश पाकिस्तान को अपने खेमें में लेने के लिए कार्य करेंगे।

एक बात और भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई में चीन से मिले हथियारों का नाम लिया है। भारत ने बताया कि पाकिस्तान ने इन हथियारों का इस्तेमाल भारतीय सेना पर हमला करने के लिए किया था। डीजीएओ एयर मार्शल एके भारती ने सबके सामने पाकिस्तान और चीन की इस सांठ-गांठ के सबूत दिखाए। ये काम तो बहुत पहले से होना चाहिए था। वैसे चीन पर इसका कोई असर होने वाला नहीं है। उसका ध्येय अपना और अपनी सीमाओं का विस्तार करना है, वह इसमें लगा है। चीन भारत को अपना सबसे प्रबल शत्रु मानता है,वह मानता रहेगा। भारत अपने दुश्मनों की मदद करन में चीन का नाम ले या न लें को फर्क पड़ने वाला नही है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3531



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1 2 3 5 (11) ; 1, 2, 4 (7)

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3530 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने होटल के मालिक को कहा- 'जनाब ! इस समय आपका बिल चुकाने के लिये मेरे पास पैसे नहीं हैं.'

'फिक्र न करें !' होटल का मालिक बोला- 'हम आपका नाम दीवार पर लिख देंगे. आप जब अगली बार आएं तो दे दीजिएगा.'

'मगर ऐसे तो सबको मालूम हो जायेगा !'

'कैसे मालूम होगा श्रीमान जी !' होटल के मालिक शान्त स्वर में बोला - 'नाम के ऊपर आपका कोट जो टंगा होगा.'

□ □ □

एक अंग्रेज ने, हिन्दुस्तानी आदमी से कहा कि 'तुम्हारी मूंछ तो बहुत अच्छी है, तुम मुझे यह दे दो मैं तुम्हें मुँह मांगा दाम दूँगा.' यह सुनते ही वह आदमी घर के अंदर गया और अपने सिर के बाल काट के लाकर के अंग्रेज के हाथ में दे दिए. बालों को देखकर अंग्रेज बोला कि 'यह क्या मैंने तो तुम्हारी मूंछ मांगी थी, तुम बाल क्यों ले आए?' अंग्रेज की बात सुनते ही उस व्यक्ति ने कहा कि 'माल हमेशा गोदाम से दिया जाता है न कि शोरूम से !'

□ □ □

जज- 'तुमने एक ही दुकान में चार बार चोरी क्यों की ?'

चोर- 'साहब पहली तीन बार मेरी बीवी को कोई साड़ी पसंद नहीं आई थी, इसलिए !'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3531



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3530



## सूडोकु -3531

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3530 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3531



**बाएँ से दाएँ**

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -3530 का हल



# नोएडा में अवैध इमारत पर लिखा 'ये बिल्डिंग अवैध है'

## गढ़ी चौखंडी और बसई में लिया एक्शन, 22 इमारतों को किया गया चिह्नित

**नोएडा।** नोएडा में भूमाफियाओं को चिह्नित और अवैध इमारतों पर ये बिल्डिंग अवैध है लिखने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए लाल स्याही का प्रयोग किया जा रहा है।

अब गढ़ी चौखंडी और बसई गांव में 22 इमारतों में लाल स्याही से बिल्डिंग अवैध है लिखा गया है। इसमें दुकान, रिहाइशी इमारत और होटल भी शामिल है। प्राधिकरण ने बताया कि अवैध रूप से लगे वेंडरों को हटा दिया गया है। ये कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाएगी।

इन सभी इमारतों पर नोटिस भी चस्पा किए गए है। प्राधिकरण ने कहा ये तो ये खुद इमारतों को ध्वस्त कर ले। अन्यथा प्राधिकरण इनको ध्वस्त भी करेगा और खर्चा भी वसूल करेगा।

बता दे सीईओ लोकेश एम के निर्देश पर सर्किल-1 से 10 तक सभी वरिष्ठ प्रबंधकों ने अपने क्षेत्र में अवैध इमारतों की लिस्टिंग शुरू की है। एक ज्वाइंट सर्वे किया गया है।

सर्वे में उन अधिसूचित भूखंडों का भी किया जा रहा है जिन पर पहले अवैध निर्माण था। उसे तोड़ा गया और अतिक्रमणकर्ता के खिलाफ एफआईआर कराई गई।

सर्वे में यदि इन भूखंडों पर अवैध निर्माण पाया गया या निर्माण होता दिखा तो अतिक्रमण कर्ता को भू माफिया की श्रेणी में डाल दिया जाएगा। इसकी एक रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी।




### 1068 करोड़ की जमीन करा चुके खाली

बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है। इन मामलो में भी जल्द एफआईआर की जाएगी।

# घर बैठे करा सकते है डीएल का नवीनीकरण

**नोएडा।** वाहन चालक अब घर बैठे ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण की प्रक्रिया कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें परिवहन विभाग कार्यालय और जनसुविधा केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। घर पर ही ऑनलाइन आवेदन के बाद आधार प्रमाणीकरण करके इस प्रक्रिया को लोग पूरा कर सकते हैं। परिवहन विभाग की तमाम सेवाएं ऑनलाइन हैं। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र, वाहन पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, वाहन स्थानांतरण समेत अन्य प्रक्रिया शामिल हैं। इसमें लर्निंग लाइसेंस के बाद ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह से घर बैठे कर दी गई है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि यदि ड्राइविंग लाइसेंस से आधार संख्या लिंक है तो लोग घर बैठे ही इस प्रक्रिया को कर सकते हैं। इसमें परिवहन विभाग की वेबसाइट www. parivahan.gov.in पर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करना है। इसके बाद आधार प्रमाणीकरण करके नवीनीकरण की प्रक्रिया को लोग पूरा कर सकते हैं। यदि इसमें कोई समस्या हो रही है तभी परिवहन विभाग कार्यालय या जनसुविधा पहुंचने की जरूरत है।

# नोएडा में मोबाइल चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार



**3 लाख के 20 मोबाइल बरामद, भीड़ भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं को करते थे टारगेट**

**नोएडा। वकार सैफी।** सेंट्रल नोएडा के थाना फेस 3 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और स्नैचिंग करने वाले गैंग का पर्दाफाश कर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से भिन्न भिन्न कम्पनी चोरी किये गए 20 एनड्रायड मोबाइल फोन, घटना में इस्तेमाल की गई 2 मोटर साइकिल और चाकू बरामद किया है।

### खासतौर से महिलाओं को बनाते थे शिकार

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडे आकाश, प्रशान्त उर्फ जोबलिन, वंश पुत्र प्रमोद और अजय उर्फ सिनचौन को थाना फेज-3 पुलिस ने चैकिंग के दौरान एम ब्लाक ममूरा सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी किए हुए 20 एनड्रायड मोबाइल फोन बरामद हुए है। जिनकी बाजार में कीमत 3 लाख है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि ये गैंग खासतौर से महिलाओं को शिकार बनाते थे जो बाजार या हॉट या मंडी मे खरीदारी करने आती थी। लगभग दो वर्षों से इस प्रकार की घटनाओं में लिप्त थे।

इनका चारों का आपराधिक इतिहास भी मिला है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि आकाश नाम का लड़का इनका मास्टरमाइंड है और बाकी गैंग के सदस्य है। यह गैंग चोरी के मोबाइल को, एक दुकानदार को बेचते थे, उसका नाम प्रकाश में आया है। जो इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। शीघ्र ही हम उसकी भी गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे और आगे कड़ी में अगर और भी कोई शामिल होगा। उस पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

### नोएडा में चलती कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा में देररात एक कार में आग लग गई। आग ने मिनटों में ही विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग पर करीब 30 मिनट में काबू पा लिया। इस इस दौरान कार में किसी के फंसा नहीं था। चालक पहले ही कूद गया था। क्रेन की मदद से कार को सड़क किनारे किया गाय। जिसके बाद यातायात को सामान्य किया गया। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि सदरपुर सेक्टर 45 चौकी के पास नोएडा की ओर एक कार आ रही थी। जिसका नंबर डीएल 2 सी बीबी 9827 मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर पेट्रोल वर्जन थी। आग कार के बोनट में लगी। जिसके बाद तेजी से आग फैल गई। धुंआ उठता देख चालक गेट खोलकर वहीं कूद गया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकल की एक गाड़ी पहुंची। आग पर काबू पाया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आग शॉट सर्किट की वजह से लगी। गर्मी बढ़ने के साथ आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है।

### नोएडा में किसान और बेटे पर हमला

जेवर। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव उटरावली में एक किसान और उनके बेटे पर तीन भाइयों ने हमला कर दिया। किसान श्यामलाल अपने अहाते की तरफ जा रहे थे। इस दौरान गांव के तीन भाई गोलू, जीतू और जोगिंद्र ने उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी। श्यामलाल ने जब इसका विरोध किया तो तीनों भाइयों ने लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। पिता को बचाने आए बेटे अजय के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार शाम को पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खनिज पहल को मजबूत करने पर चर्चा

**नोएडा।** एमिटी विश्वविद्यालय में गुरुवार को वैश्विक लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग कंपनी ( लोहुम ) के प्रतिनिधिमंडल ने एमिटी का दौरा किया। इसमें स्थायी प्रौद्योगिकियों में उद्योग-अकादमिक सहयोग और राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत खनिज पहल को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई। इसी के साथ प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ रिन्युवेबल एंड अल्टरनेटिव एनर्जी और इंस्टीटयूट ऑफ क्लिक केमेस्ट्री रिसर्च एंड स्टडीज की प्रयोगशाला का दौरा किया। इस मौके पर लोहुम उद्योग के विशेष प्राजेक्ट के उपाध्यक्ष प्रत्युष सिन्हा ने कहा कि हमारा मिशन टिकाऊ महत्वपूर्ण सामग्री का दुनिया का सबसे बड़ा विविध उत्पादक बनना है। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा सुनिल खत्री और एमिटी फांउडेशन फॉर साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन एलांयसेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके सिंह उपस्थित रहे।

### बिजली कटने पर दो एसडीओ को नोटिस

**नोएडा।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ( पीवीवीएनएल ) की एमडी ने बिजली कटने पर बुधवार को दो एसडीओ को नोटिस जारी किए। उन्हें कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए गए। पीवीवीएनएल की एमडी ईशा दुहन ने सेक्टर-52 फोनरवा के दफ्तर में बुधवार को लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायत का त्वरित संज्ञान नहीं लेने और अवकाश के दिन बगैर सूचना के कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने पर डिवीजन-5 के दो एसडीओ को नोटिस जारी किए। एमडी ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्हें निर्बाध आपूर्ति दी जाए। औद्योगिक सेक्टर और बाजार में भी निर्बाध आपूर्ति दी जाए।उन्होंने कहा कि लोगों के साथ बेहतर समन्वय और सीधा संवाद स्थापित करने के लिए हर महीने के प्रथम सोमवार को बैठक की जाए।

### गाली देने के विरोध पर जानलेवा हमला

**रबूपुरा।** उटरावली गांव में गाली देने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने किसान के ऊपर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने बचाने आए पीड़ित के बेटे के साथ भी मारपीट की। वारदात में घायल पिता पुत्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उटरावली गांव निवासी किसान श्यामलाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह बुधवार की शाम अपने घर से थोड़ी दूरी पर स्थित अहाते में जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गोलू, जीतू और जोगिंद्र तीनों भाइयों ने बिना वजह उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मिलकर उन पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया।उनका बेटा अजय वहां पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और भाग गए। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भूखंड पर कब्जा करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** बिहार निवासी व्यक्ति द्वारा सुत्याना गांव में खरीदे गए 100 वर्ग गज के भूखंड में से 50 गज हिस्से पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कब्जा करने वाले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से पटना बिहार के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद शाह दिल्ली के उत्तम नगर में रहते हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में सुत्याना गांव में 100 वर्ग गज का भूखंड गणेश प्रसाद चौहान से साढ़े सात लाख रुपये में खरीदा था। उन्होंने कब्जा लेकर भूखंड पर तीन फीट ऊंची दीवार कर दी थी।इसके बाद वह बिहार चले गए। करीब सात महीने बाद वह वापस लौटे तो आधे भूखंड पर भूपेंद्र सिंह का कब्जा मिला। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली की पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी का विरोध

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ गुरुवार शाम जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जेवर तहसील पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस का यह विरोध भाजपा मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर था। दीपक भाटी ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने सेना में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि मंत्री की यह टिप्पणी देश की 75 करोड़ महिलाओं का अपमान है। जिला कांग्रेस सचिव सूबेदार सतपाल फौजी ने कहा कि सेना के शौर्य पर पूरा देश एकजुट है।

प्रदर्शनकारियों ने उपजिलाधिकारी अभय सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। इसमें मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने और उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की गई।

# नोएडा में बेरिकेड पर मारी लात, 40 हजार का चालान

## पुलिस ने युवक को अरेस्ट किया, मुकदमा लिखकर बाइक जब्त की

**नोएडा।** नोएडा में बाइक सवार युवक को टशन दिखाना भारी पड़ गया। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक का 40 हजार 500 रुपए का चालान किया है। बाइक के पीछे नंबर प्लेट नहीं है उस पर गुर्जर लिखा है।

ये वीडियो मैक्स अस्पताल के पास का बताया जा रहा है। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है साथ ही युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना सेक्टर-126 का है।

दरअसल एक 23 सेंकेंड का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें बाइक सावार एक युवक ट्रैफिक पुलिस के बेरिकेड पर तीन बार लात मारता है। बेरिकेड को खिसकाता है और बाइक पर बैठक कर चला जाता है। पास में खड़ा एक अन्य युवक इसका वीडियो बनाता है। इसकी रील बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया। जिसे वायरल किया गया। ये वीडियो अब वायरल हो रहा है।



जिस बाइक से युवक आया था। उसकी नंबर प्लेट पर गुर्जर लिखा है। साथ ही दूध की कैन लटकी हुई है। न तो हैल्मेट पहले और न ही ट्रैफिक नियम का पालन कर रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक का 40 हजार 500 रुपए का चालान किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मुठभेड़ के उपरांत एक अभियुक्त गिरफ्तार

## कब्जे से अवैध असलहा सहित सोने चांदी के आभूषण बरामद

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत एक अभियुक्त सोनू भारद्वाज पुत्र डालचन्द भारद्वाज निवासी ग्राम चौडा रघुनाथपुर सैक्टर 22 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर को सैक्टर 11 मदर डेयरी के पास से बुधवार रात्री को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया।जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने चोरी की घटनाओ में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल टीवीएस राईडर बिना नम्बर प्लेट, एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा, दो सोने की मांग टीका,दो जोड़ी सोने के कानो के कुंडल,एक जोड़ी सोने की कानो की झुमकी,एक सोने का गले का हार, तीन जोड़ी सोने के कानो के टाप्स,दो सोने की नाक की लौंग,तीन सोने की गले की चैन,एक सोने की अंगूठी,एक जोड़ी सोने के हाथो के कडे,एक मंगल सूत्र बिना पैंडल के,एक चाँदी की चोटी,एक चाँदी की तगड़ी ,एक चाँदी का गुच्छा,एक चाँदी की पाजेब और नौ चाँदी के सिक्के बरामद किए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को थाना सैक्टर 24 नोएडा पुलिस द्वारा सैक्टर 11 मदर डेरी के पास चौराहे पर बैरियर लगाकर वाहनो की चैकिंग की जा रही थी कि तभी सैक्टर 56 टी पाइंट की तरफ से एक मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। संदिग्ध प्रतीत होने पर रुकने का इशारा किया तो पुलिस वालो को देखकर मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिसमें मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति डिस्बैलेंस होकर गिर गया और उसके द्वारा अवैध अस्लाह से पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।जिसके विरूद्ध विभिन्न थानों में लगभग आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



# जिले में छह डबल डेकर बसें चलेंगी

**नोएडा।** जिले में अब दो की बजाए छह डबल डेकर बसें चलेंगी। बुधवार को लखनऊ में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंधक निदेशक मासूम अली सरवर ने छह बसें चलाने का निर्देश दिया। 20 मई से पहले मिलने वाली बसों में से दो बॉटनिकल गार्डन से गौड़ सिटी तक चलेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि बसें बनकर प्रयागराज में खड़ी हैं। इन्हें कुछ प्रक्रिया पूरी करके नोएडा लाया जाना है। पहले दो बसें गौतमबुद्ध नगर को मिलनी थी, लेकिन बैठक में प्रबंधक निदेशक ने छह बसें चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अब तक की योजना के मुताबिक चार बसें बॉटनिकल गार्डन से ग्रेटर नोएडा के परी चौक तक चलाई जाएंगी। वहीं, दो बसें बॉटनिकल गार्डन से गौड़ सिटी तक चलाई जाएंगी। डबल डेकर बसों से पूरे नोएडा एक्सटेंशन को कवर करने की अभी योजना नहीं है, लेकिन लोगों का अच्छा रुझान मिला तो इस पर भी विचार किया जाएगा।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा में प्रवेश पंजीकरण प्रारंभ

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से एवं जनपद के अन्य राजकीय औद्योगिक संस्थानों में दीर्घकालीन व्यवसायों में माह अगस्त 2025 में प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यार्थी को आन लाईन आवेदन करने के लिये वेबसाईट http://www.scvtup.in को खोलना होगा।

उस पर बने हुये लिंक आनलाइन सबमिशन ओफ एप्लीकेशन फोर एडमिशन फोर 2025-2026 फोर गवर्नमेंट/प्राईवेट आईटीआई पर क्लिक कर पहले अपना फार्म भरना होगा। अभ्यार्थी को आनलाईन आवेदन से पूर्व ओटीपी से मोबाइल नम्बर का सत्यापन करना होगा। फार्म भरने के पश्चात उसे प्रिव्यू वाले पृष्ठ पर अकत प्रोसीड टु पेमेंट के लिंक पर क्लिक कर आनलाईन भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि आनलाईन भुगतान डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इन्टरनेट बैंकिंग / यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है। जिस हेतु यूनियन बैंक आफ इण्डिया व स्टेट बैंक आफ इण्डिया अन्य बैंक के पेमेंट गेटवे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान होने पर अभ्यार्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगा।

अभ्यार्थी द्वारा ऑन लाईन आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु दो दिन (48 घण्टे) का समय दिया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी ई- फार्म में वेबसाइट www.scvtup.in पर उपलब्ध है। अभ्यार्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता के अनुसार विवरणी का कोई भाग प्रिंट कर सकते है या डाउनलोड कर सकते है। आनलाईन आवेदन की सुविधा दिनांक 12 मई 2025 से 5 जून 2025 रात्री 12 तक उपलब्ध रहेगी।

# नोएडा में डिजिटल अरेस्ट करने वाले 2 लोग अरेस्ट

## 2 करोड़ रुपए की ठगी के लिए प्रोवाइड कराए थे खाते, एनसीआरपी पोर्टल पर 33 शिकायत

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा में डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ 39 लाख 16 हजार रुपए की ठगी के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मुकेश सक्सेना व अनीस अहमद हुई है। इन दोनों को मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है दोनों सिविल लाइन मुरादाबाद के रहने वाले है।

डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि 18 मार्च 2025 को थाना साइबर सेल में शिकायत मिली कि एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर उसे मानव तस्करी के नाम पर डराकर 2,39,16,700 रुपए की धोखाधड़ी की गयी।

शिकायत मिलते ही संबंधित बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया।




मुकेश सक्सेना ने पूछताछ मे बताया गया कि वह जनपद मुरादाबाद में अकाउंट का कार्य करता हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उसका संपर्क अनीस अहमद से हुआ। करंट बैंक खाता ठगों को उपलब्ध करवाकर उनसे कमीशन लेता है।

इसी क्रम में मुकेश सक्सेना के खाते में भी डिजिटल अरेस्ट किए गए पीड़ित के खाते से 18 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

जिसको निकालकर इन लोगों ने आपस में बांट लिया। इनके और साथियों की तलाश की जा रही है।

डीसीपी ने बताया कि इस मामले में धोखाधड़ी की 6,72,237 रुपए फ्रीज कराए जा चुके है। जिसे रिफंड किया जाएगा।

### दोनों के खातों से संबंधित 33 शिकायत

पकड़े गए आरोपी अनीस अहमद के बैंक खाते से अब तक 12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का होना पाया गया। जिसके अंतर्गत एनसीआरपी पोर्टल पर कुल 15 शिकायत जिसमें दिल्ली में एक, झारखंड एक, महाराष्ट्र और पंजाब में एक-एक , राजस्थान में दो , तमिलनाडु में छह तेलंगाना में तीन शिकायत दर्ज है। इसी तरह मुकेश सक्सेना के बैंक खाते से संबंधित 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत पोर्टल 18 शिकायत मिली।

# ग्रेनो वेस्ट में विकास कार्यों की समीक्षा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो वेस्ट में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने चारमूर्ति चौक पर बन रहे अंडरपास और शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण कार्य की प्रगति देखी। चारमूर्ति चौक पर 60 मीटर रोड के समानांतर अंडरपास का निर्माण हो रहा है। एसीईओ ने गोलचक्कर के दोनों तरफ सीवर लाइनें और पेड़ों को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में देरी पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। ओएसडी अभिषेक पाठक को उद्यान से जुड़े कार्यों की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया। गौड़ सिटी से चारमूर्ति की ओर जाने वाली संकरी पुलिया के चौड़ीकरण की भी मंजूरी दी गई है। यह कदम यहां लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करेगा। शाहबेरी रोड का चौड़ीकरण कार्य तेजी से चल रहा है।

# ग्रेनो वेस्ट में नहीं पहले बोड़ाकी तक दौड़ेगी मेट्रो

## ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो को अगले सप्ताह मंजूरी मिलने की उम्मीद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो चलाने की लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन ग्रेनो वेस्ट से पहले ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से लेकर बोड़ाकी तक मेट्रो चलेगी। अगले सप्ताह होने वाली बैठक में केंद्र से मंजूरी मिलते ही इसके निर्माण की तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी। जिले में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक तीन नए मेट्रो के रूट पर काम चल रहा है। इनकी डीपीआर भी सरकार को भेजी जा चुकी है। अगले सप्ताह होने वाली केंद्रीय बैठक में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो के दो प्रोजेक्ट की प्रेजेंटेशन के लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को बुलाया गया है।लेकिन, ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो चलाने के बारे में कोई चर्चा नहीं है। केंद्र सरकार से इसी महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक होगा। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसल्टेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद निर्माण शुरू करने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है। अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा। इस पर करीब 416 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका बजट पांच सौ करोड़ से कम होने के कारण इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी मिलने की भी आवश्यकता नहीं है और इस पर शीघ्र काम प्रारम्भ हो सकेगा।



# बलरामपुर में एक परिवार के 5 लोगों की मौत

## बेकाबू ट्रक की टक्कर से कार की छत उड़ गई; 8 गंभीर

**बलरामपुर।** बलरामपुर में बेकाबू ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। 8 गंभीर रूप से घायल हैं। कार सवार शादी में शामिल होने श्रावस्ती गए थे। बुधवार रात 1 बजे वहां से गोंडा लौट रहे थे, तभी चकवा चौकी के पास हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि अर्टिगा कार की छत उड़ गई। आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद कार में लोग फंस गए थे। पुलिस को कार को काटकर शवों और घायलों को बाहर निकालना पड़ा। इसमें करीब 4 घंटे लग गए। मृतकों की पहचान अजय कुमार (35), फूलबाबू (35), विजय (40), शिवकुमार (22) और आदित्य (8) के रूप में हुई है। सभी



लोग गोंडा के इटियाथोक थाना क्षेत्र के रहने वाले थे।

### पढ़िए पूरा घटनाक्रम...

शिवकुमार के चचेरे भाई पिंटू ने बताया- उनका परिवार गोंडा से बहन के घर बारात में शामिल होने श्रावस्ती के भालुहिया वीरपुर गया था। बहन के देवर की शादी थी। शाम 7 बजे बारात दुल्हन के घर रवाना हुई। लेकिन मेरा परिवार रास्ता भटक गया। इस वजह से परिवार दुल्हन के घर रात 11 बजे पहुंचा। वहां नाश्ता और खाना खाया। करीब 1 घंटे तक रुके। इसके बाद गोंडा के लिए रवाना हो गए। रात 1 बजे चकवा चौकी के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

### मामा, फूफा और दो चचेरे भाइयों की मौत

पिंटू ने बताया- हादसे में मेरे मामा अजय कुमार (35), फूफा फूलबाबू (35), चचेरे भाई शिवकुमार (22), आदित्य (8) और गांव के विजय (40) की मौत हो गई। हादसे में किशोर कुमार (35), विकास (12), गोपाल, विनोद कुमार, सीताराम (50), राघव राम (40) और महक (7) घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठौव्वा पंचायत के जुगराज निवासी विजय कुमार इटियाथोक थाने में पीआरडी गार्ड के पद पर तैनात थे। विजय की शादी करीब दस साल पहले हुई थी, लेकिन उन्हें कोई संतान नहीं थी।

# तीन चोरी की बाइकों के साथ तीन शातिर गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर अभियुक्तगण राजवीर, विकास, ऋतिक उर्फ छोटेलाल को हिरासत पुलिस में लिया गया, जिनके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली ललितपुर पर मु0असं0-554/25 धारा 317(2), 317(4) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. प्रशान्त राणा उ.नि. आलोक कुमार सिंह हे.का. राघवेन्द्र पाल हे. का. संजीव कुमार का.अंकित का. राहुल आदि शामिल रहे।

# पूरा कलां पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** पूरा कलां पुलिस ने एक वांरटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूराकलाँ पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त राजेश पुत्र इमरत यादव उम्र करीब 46 वर्ष नि0 ग्राम कडेसरा थाना तालबेहट ललितपुर को गिरफ्तार



किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी उ.नि. महताब सिंह का. विकास आदि शामिल रहे।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना तालबेहट पर पंजीकृत मु0अ0स0- 321/24 धारा 318(4)/ 338/ 336(3)/ 340(4)/319(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त प्रेमचन्द्र उर्फ वीर गौतम पुत्र बृजमोहन नि0 वार्ड नं0 4 भट्टा गांव जानकी किराना स्टोर के पास थाना सदर बाजार जिला झांसी उम्र



करीब 28 को जनपद झांसी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। वादी मुकदमा द्वारा थाना तालबेहट पर प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया कि अभियुक्त द्वारा फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नौकरी लगवाने के नाम पर प्रार्थी से 01 लाख 19 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गयी है। प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना तालबेहट पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था।
घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी थी।
धरातलीय सूचना, सर्विलांस, अभिलेखीय साक्ष्य संकलन व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से अभियुक्त प्रेमचन्द्र उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम अनुराग अवस्थी प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट मय टीम आदि शामिल रहे।

# गाजियाबाद जीआरपी की सतर्कता से बची मासूम की जान

## 4 साल के बच्चे का अपहरण मामला सुलझा, पुलिस ने दिखाई मुस्तैदी

**गाजियाबाद।** 12 मई को रेलवे स्टेशन से एक 4 साल के मासूम बच्चे के अपहरण की खबर सामने आई। मगर अब जीआरपी पुलिस की तत्परता और मुस्तैदी के चलते यह मामला सुलझा लिया गया है और बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। घटना की शुरुआत होती है 12 मई को जब गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1/2 से एक मासूम बच्चा अचानक गायब हो गया। साथ ही एक यात्री ने भी शिकायत दर्ज करवाई कि उसका मोबाइल फोन स्टेशन पर ही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छीना गया है। दोनों मामलों को लेकर थाना जीआरपी में एक गंभीर रिपोर्ट दर्ज की गई और जांच शुरू कर दी गई। चूंकि मामला एक बच्चे के अपहरण से जुड़ा था पुलिस ने इसे प्राथमिकता के साथ लेते हुए तत्काल सीसीटीवी फुटेज



खंगालनी शुरू की। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को प्लेटफॉर्म से ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने न केवल फुटेज को जूम करके देखा बल्कि स्टेशन के आसपास के लोगों और यात्रियों से भी पूछताछ की।
लगातार निगरानी, विश्लेषण और सूझबूझ के आधार पर आखिरकार पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी पहले भी चोरी व अन्य अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। सबसे बड़ी बात यह रही कि अपहृत बच्चा पूरी तरह से सुरक्षित अवस्था में पाया गया। पुलिस ने तत्काल बच्चे को उसके परिजनों को सौंपा, जिसके बाद परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चे के परिजनों ने जीआरपी पुलिस का आभार व्यक्त किया और कहा कि यदि पुलिस समय पर सक्रिय नहीं होती तो परिणाम भयावह हो सकते थे। बच्चे की माँ की आँखों में आँसू थे लेकिन वह राहत के आँसू थे। इस घटना ने न केवल पुलिस की कार्यक्षमता को उजागर किया बल्कि यह भी साबित किया कि तकनीक और त्वरित कार्रवाई मिलकर किस तरह अपराध पर नकेल कस सकती है। हालाँकि यह मामला सुलझ चुका है लेकिन यह एक चेतावनी भी है खासकर उन माता-पिता और यात्रियों के लिए जो भीड़भाड़ वाले इलाकों या रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर अपने बच्चों की सुरक्षा को हल्के में लेते हैं। गाजियाबाद जीआरपी पुलिस ने एक बड़ा कार्य किया है जिसने ना केवल एक मासूम की जान बचाई बल्कि आम जनता का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत किया।

# लखनऊ में नगर आयुक्त ने जताई नाराजगी

**लखनऊ।** लखनऊ को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम काम कर रहा है। गुरुवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) के कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया।
स्मार्ट सिटी कार्यालय के पास स्थित इस कंट्रोल रूम में जोन-1, 3, 4, 6 और 7 में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की लाइव ट्रैकिंग देखी। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव और पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### बार-बार शिकायतों पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान गौरव कुमार ने कुछ इलाकों से बार-बार एक जैसी शिकायतों पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही का सबूत बताया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसे इलाकों की गहन जांच कर समस्या की जड़ तक पहुंचा जाए।
साथ ही, लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।
नगर आयुक्त ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को और प्रभावी बनाने के लिए चेक पॉइंट्स की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया।

### यूजर चार्ज में अनियमितता पर जीरो टॉलरेंस

यूजर चार्ज वसूली में पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए गौरव कुमार ने कहा- हर घर, दुकान और बाजार से निर्धारित शुल्क सही तरीके से वसूला जाए। किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# यूपी में सिविल डिफेंस व्यवस्था का होगा विस्तार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार राज्य के सभी जिलों में सिविल डिफेंस व्यवस्था लागू करने जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह फैसला लिया है। मौजूदा समय में प्रदेश के 75 में से 15 जिलों में यह व्यवस्था चल रही है। अब बाकी 60 जिलों में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी।
इसका उद्देश्य आपात स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं में नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सिविल डिफेंस के विस्तार से सुरक्षा तंत्र मजबूत होने के साथ-साथ युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे।
स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। योगी सरकार ने संसाधनों और प्रशिक्षण केंद्रों की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सिविल डिफेंस प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध या अन्य संकटों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाल के मॉक ड्रिल में इसकी क्षमता साबित हुई है।

# प्रयागराज में पुलिस चौकी में 20 राउंड फायरिंग

## दरोगा-सिपाही को छर्रे लगे, भागकर कमरों में छिपे; 3 बिस्वा जमीन का था झगड़ा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पुलिस चौकी के अंदर ही बवाल हो गया। 3 बिस्वा जमीन के विवाद को निपटाने के लिए इकट्ठा हुए दो पक्षों में पहले मारपीट हुई, फिर वह पथराव करते हुए सड़क पर आ गए।

इस दौरान दोनों पक्षों की तरफ से और लोग मौके पर पहुंचे। उनके पास बंदूकें थीं। उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच करीब 20 राउंड गोलियां चलीं।

इससे चौकी और उसके आस-पास अफरा-तफरी मच गई। पुलिस वाले जान बचाने के लिए दीवारों के पीछे छिप गए। चौकी आए फरियादियों में भगदड़ मच गई। एक दरोगा, एक सिपाही समेत 3 लोग छर्रे लगने से घायल हो गए।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायरिंग की सूचना पर डीसीपी यमुनानगर और एसीपी भी चौकी पहुंचे। अभी भी 4 थानों की फोर्स मौके पर है। मामला नैनी कोतवाली की मामा-भांजा पुलिस चौकी का है।

### दो पक्षों में जमीन का विवाद, समझौता करने पहुंचे थे चौकी

नैनी धनुहा गांव में रहने वाले रानू तिवारी और पीडीए निवासी एक वकील के बीच 3 बिस्वा जमीन को लेकर झगड़ा है। यह झगड़ा लंबे समय से चल रहा है। गुरुवार शाम इस मामले में समझौता करने को लेकर दोनों पक्षों के लोग चौकी पहुंचे।

चौकी प्रभारी ने राजस्व टीम को भी बुलाया था। वहां दोनों पक्षों के बीच बात चल रही थी। लेकिन, समझौते के दौरान दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। इसी बीच एक पक्ष की तरफ से ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान भगदड़ मच गई।


कुछ देर बाद दोनों तरफ से गोलियां चलने लगीं। इससे चौकी में मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। कुछ लोग बाहर की ओर भाग निकले। वहीं, दरोगा और सिपाही कमरों के अंदर घुस गए।

भागने के दौरान कुछ लोगों के पैरों में गोलियों के छर्रे लगे। लोगों ने बताया कि दोनों पक्षों में 20 राउंड फायरिंग हुई।

# बेटों ने पत्नी संग मिलकर पिता को मार डाला

## एक बोरी सरसों बेचने पर नीम के पेड़ से बांधकर पीटा, पत्नी बोली-बच्चों के सामने निवाले का संकट

**मेजा।** प्रयागराज में बेटों और पत्नी ने मिलकर पिता की हत्या कर दी। नीम के पेड़ में बांधकर पीटा। जिससे पिता की मौत हो गई।
मौत से घबराए बेटे व पत्नी ने शव को दूसरे गांव में ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाश के लिए 3 टीमें बनाई। जिसके बाद आरोपी पत्नी और बेटों को गिरफ्तार कर लिया है।
घटना आज सुबह मांडा थाना क्षेत्र में हुई। दिनेश मौर्य (51) आरोपी बेटों




का नाम अनिल कुमार और सुनील कुमार है। आरोप के घेरे में आई पत्नी सोना देवी ने पुलिस को बताया कि पति शराब पीने के आदी था। नशे के लिए उसने एक दिन पहले घर में रखी सरसों की एक बोरी बेच दी। जिससे बेटे और पत्नी के सामने निवाले का संकट खड़ा हो गया।
नाराज पत्नी ने दिनेश को भला बुरा कहा। जिससे बाद मृतक अपनी पत्नी को मारने के लिए दौड़ा। बेटे ने मां पर हमला होने से बचाने के लिए मृतक को पेड़ से बांध दिया।
पेड़ में बंधे होने के बाद भी वह गालियां दे रहा था। गुस्से में आकर बेटे अनिल व सुनील ने पिता को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।
एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक की पत्नी और दो बेटों ने पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की थी।
जिसके बाद उनकी मौत हो गई। बाद में उन लोगों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया। मां और दोनों बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### सीसीएसयू की परीक्षा में पकड़े गए 17 नकलची

**मेरठ।** सीसीएसयू के उड़नदस्तों ने गुरुवार को अलग-अलग केंद्रों पर 17 छात्र-छात्राओं को नकल करते पकड़ा है। इनके खिलाफ यूएफएम की कार्रवाई की गई है। छात्रों के पास से हाथ से लिखी पर्चियां और गाइड के पर्चे बरामद हुए हैं। सीसीएसयू प्रशासन द्वारा परीक्षाओं के सुचितापूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन हेतु कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला द्वारा एक सचल उड़नदस्ता गठित किया गया है। यह उड़नदस्ता परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहा है। गुरुवार को विश्वविद्यालय के उड़नदस्ते द्वारा समन्वक प्रोफेसर शिवराज सिंह पुंडीर के नेतृत्व सचल उड़ाका दल के सदस्य डॉ. स्नेहवीर सिंह पुंडीर, डॉ. देवेंद्र सिंह सिंधु, डॉ. कौशल प्रताप सिंह, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. कविता अग्रवाल, डॉ. जगवीर सिंह, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. भीष्म, डॉ. हीरालाल, डॉ. रोहतास, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. मदनपाल, डॉ. इनाम, डॉ. सूर्य प्रकाश तथा डॉ. गौतम बैनर्जी द्वारा गौतमबुद्धनगर, बागपत, बुलंदशहर तथा मेरठ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 17 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। ऐसे परीक्षार्थियों के विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमानुसार तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। 170 परीक्षार्थियों को कड़ी चेतावनी दे दी गई है।

# शार्ट न्यूज

### पीजीआई आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों ने उठाई पुनर्नियोजन बंद करने की मांग

**महेश सिंह विशाल इंडिया**

रिटायर्ड कर्मचारियों के किये जा रहे पुनर्नियोजन अनुसुचित जाति एवं अनुसुचित जन जाति गत को लाभ न देकर किये जा रहे जातिगत भेदभाव की जांच अपर मुख्य सचिव व राज्यपाल की अध्यक्षता में एससी/एसटी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जांच कराए जाने की मांग की पीजीआई में कल्याण समिति द्वारा संस्थान प्रशासन को पत्र लिखकर पुनर्नियोजन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति को लाभ दिए जाने का अनुरोध पत्र दिनांक - 01-10-2024/24-04-2025 किया गया था जो प्रक्रियाधीन है कल्याण समिति की जानकारी में आया है कि मई 2025 में रिटायर्ड हो रहे कुछ कर्मचारियों संस्थान प्रशासन द्वारा पुनर्नियोजन करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है जिसका कल्याण समिति द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है तथा पुनर्नियोजन की प्रक्रिया की प्रक्रिया को बंद करते हुए रिक्त पड़े पदों को सीधी भर्ती करके पदों को भरा जाए जिससे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति को भी लाभ मिल सके तथा पुनर्नियोजन में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के साथ जातिगत भेदभाव से बचा जा सके।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** नाराहट पुलिस ने एक वांरटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नारहाट पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त देवेन्द्र सिंह उर्फ झल्लू पुत्र बल्दवान उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम सिंगरवारा थाना नाराहट ललितपुर, सम्बन्धित केश नं0 2468/09 धारा 379/352/504/506 भादवि (मा0 न्यायालय अपर सि0ज0 (जू0डि0) न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर) को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम मानवेन्द्र सिंह अपराध निरीक्षक उ.नि. विश्राम सिंह हे.का सर्वेश कुमार आदि शामिल रहे।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा



**ललितपुर।** मंडावरा पुलिस ने गुरुवार को वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा एक अभि0 राजाराम उर्फ राजू पुत्र दमरु कुशवाहा उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम साढूमल थाना मडावरा जिला ललितपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 90/2025 धारा 115 (2)/352/351(2)/351(3)/191(2)/191(3) /110/118(2) बीएनएस को समय करीब 09.10 बजे मानिकपुर तिराहा साढूमल से करीब 100 कदम ग्राम साढूमल थाना मड़ावरा जिला ललितपुर से हिरासत पुलिस लेकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### बरेली में शादी के दिन दुल्हन की मौत

**बरेली।** बरेली में शादी से पहले दुल्हन की मौत हो गई। बुधवार शाम बारात आनी थी। दूल्हा बारात लेकर अपने घर से निकल चुका था। लेकिन, दुल्हन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे एक झोलाछाप के पास ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने झोलाछाप पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। दुल्हन की मौत के बाद दूल्हा समेत बारात रास्ते से ही वापस लौट गई। पूरा मामला बहेड़ी थाना क्षेत्र का है। लड़की के परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। गांव में भी लोग शोक में हैं। देवीपुरा गांव में रहने वाले थान सिंह की बेटी शांति (20) की बुधवार को नवाबगंज के देवीपुरा से बारात आनी थी। सभी लोग बारात की तैयारियों में लगे हुए थे। दोपहर 3 बजे अचानक दुल्हन शांति की तबीयत खराब हो गई। घबराहट और बेचैनी होने की शिकायत पर परिजन उसे इलाज के लिए बहेड़ी कस्बे के शिफा हॉस्पिटल लेकर गए। वहां डॉक्टर तसलीम अहमद उर्फ भूरा ने इलाज शुरू किया।

### सीतापुर में सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। सोसा मजरे बनबीरपुर के रहने वाले कल्लू (48) बुधवार की शाम एक वैवाहिक समारोह में जा रहे थे। देबियापुर-गोड़ैचा मार्ग पर पोखरा कला गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने कल्लू को आईसीयू में भर्ती किया। हालांकि सभी प्रयासों के बावजूद गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। सदरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। ग्रामीणों और परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### एटा में 10 साल के बच्चे की हत्या

**एटा।** एटा में 10 वर्षीय बच्चे की हत्या कर दी। बुधवार सुबह लगभग 7 बजे अपने दो दोस्तों के साथ शौच के लिए निकला था। जहां गांव से कुछ दूर आम के बाग के पास युवक ने बच्चे पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करके निर्मम हत्या कर दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। रास्ते में ही मौत हो गई। पूरा मामला मिरहची थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव का है। जहां 10 साल का अनुज बुधवार सुबह करीब 7 बजे अनुज अपने दो दोस्तों के साथ शौच के लिए निकला था। गांव से थोड़ी दूरी पर स्थित आम के बाग के पास जैसे ही तीनों पहुंचे, एक युवक मक्का के खेत से अचानक निकला और धारदार हथियार से अनुज पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक के हाथ में चाकू था और उसने बच्चा देखते ही ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। इस क्रूरता की हद तब पार हो गई जब हमलावर ने मासूम अनुज की आंखें निकाल लीं, उसके गुप्तांग काट दिए और फिर पत्थर से उसका सिर कुचल दिया।

### झांसी में अतिक्रमण हटाने गई टीम को घेरा

**झांसी।** झांसी के विकास भवन के सामने सड़क किनारे ठेला लगाकर व्यापार करने वाले अतिक्रमण हटाने गई टीम से भिड़ गए। इस उनका कहना था कि अतिक्रमण हटाने वाली टीम दूसरों से पैसा लेकर दुकानें लगवाती है। जब टीम में शामिल पीआरडी के जवान ने वहां से सामान उठाकर नगर निगम के ट्रैक्टर में रखने का प्रयास किया तो मारपीट हो गई। विवाद बढ़ता देख टीम के सदस्य जाने लगे तो दुकानदार ने गाड़ी का गेट खोलकर उन्हें ललकारना शुरू कर दिया। इसके थोड़ी देर बाद टीम अधिकारी और भारी दलबल कर साथ आई और चुन-चुनकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। दरअसल, झांसी के नवाबाद थाना क्षेत्र के बीकेडी चौराहा के पास स्थित विकास भवन के सामने आगरा चाट भंडार, बिहारी लिट्टी-चोखा और अन्य खाने पीने के खोमचे और ठेले लगते हैं। इन्हीं पर कार्रवाई करने के लिए नगर निगम का अतिक्रमण निरोधी दस्ता वहां पहुंचा था। यहां आगरा चाट भंडार के ठेले पर घरेलू एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल किया जा रहा था।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

5
विदेश

गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 16 मई 2025
Www.vishalindia.in

# अमेरिका-सऊदी अरब में 12.1 लाख करोड़ रुपए की डिफेंस डील

## यूएस ने इतिहास का सबसे बड़ा समझौता बताया, ट्रम्प का राष्ट्रपति बनने के बाद पहला विदेशी दौरा

**रियाद, एजेंसी।** अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डॉलर (12.1 लाख करोड़ रुपए) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, और नॉर्थरॉप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और यूएई जाएंगे।

**ट्रम्प ने फिर लिया भारत पाकिस्तान सीजफायर का क्रेडिट :** क्राउन प्रिंस एमबीएस से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया।

**इन्वेस्टमेंट फोरम से ट्रम्प के भाषण की प्रमुख बातें...** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके। ट्रम्प बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का ऑयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमेरिकी की मध्यस्थता में इजराइल, यूएई, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था। इजराइल-गाजा वॉर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि गाजा के लोग बेहतर भविष्य के हकदार हैं, लेकिन ऐसा तब तक नहीं होगा जब तक उनके नेता निर्दोष लोगों पर अत्याचार बंद नहीं करते। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन बंद कर देगा। अमेरिकी सेना ने मार्च में हूती लड़ाकों के खिलाफ 1100 से ज्यादा हमले किए थे। यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रम्प ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस लड़ाई को खत्म करने के तरीके पर बातचीत के लिए गुरुवार को इस्तांबुल पहुंचेंगे। यहां पुतिन और जेलेंस्की की मुलाकात हो सकती है। ट्रम्प बोले- सऊदी प्रिंस उम्र से ज्यादा होशियार



सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) की तारीफ की है। ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस को लेकर कहा- मुझे सच में लगता है कि हम एक-दूसरे को बहुत पसंद करते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वह मोहम्मद बिन सलमान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनसे बहुत प्रभावित हैं। एमबीएस अपनी उम्र से कहीं ज्यादा होशियार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनके दौरे से पहले देश में 20 लाख नौकरियों की चर्चा हो रही थी। अमेरिका में सऊदी निवेश की सराहना करते हुए ट्रम्प ने कहा कि इससे बहुत ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी। ट्रम्प ने कहा- हमारे यहां दुनिया के सबसे बड़े बिजनेस लीडर्स हैं। वे बहुत सारे चेक लेकर जाने वाले हैं। ट्रम्प सऊदी से मिलने वाले 600 अरब डॉलर (50 लाख करोड़ रुपए) के निवेश को लेकर यह बोल रहे थे। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि उन्हें यकीन है कि यह निवेश '1 ट्रिलियन डॉलर' हो जाएगा। दरअसल, ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद सऊदी अरब ने 4 साल में अमेरिका में 600 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। ट्रम्प और सलमान ने मंगलवार को रियाद में एक स्ट्रैटजिक इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट पर दस्तखत किया। इस साझेदारी में ऊर्जा, खनन और रक्षा के लिए समझौते शामिल हैं। इसके बारे में पूरी जानकारी अभी नहीं आई है।

**ट्रम्प ने 2017 में सऊदी जाकर परंपरा तोड़ी :** अमेरिका में राष्ट्रपति बनने के बाद कनाडा-मेक्सिको या फिर यूरोपीय देश की यात्रा करने की परंपरा है। बराक ओबामा ने पहले विदेशी दौरे पर कनाडा की यात्रा की थी। उनसे पहले जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने अपने पहले विदेशी दौरे पर मेक्सिको की यात्रा की थी। ट्रम्प ने 2017 में राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले सऊदी अरब पहुंच कर इस परंपरा को तोड़ा था। पिछले राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने पहले दौरे पर ब्रिटेन गए थे।

**दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर ट्रम्प ने सबसे पहले एमबीएस को फोन किया :** ट्रम्प ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले सऊदी प्रिंस सलमान को ही फोन किया था। शपथ ग्रहण के कुछ दिन बाद ट्रम्प से उनके पहले विदेशी दौरे को लेकर मीडिया ने सवाल किया था। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि जो देश अमेरिका में सबसे ज्यादा निवेश करेगा, वे वहां का पहला दौरा करेंगे। इसके बाद सऊदी सरकार ने एक बयान जारी कर कहा था कि उनका देश अगले चार सालों के भीतर अमेरिका में 600 अरब डॉलर (50 लाख करोड़ रुपए) के निवेश के लिए तैयार है। हालांकि ट्रम्प ने कहा था कि वो इसे बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर होते देखना चाहते हैं, जिसमें ज्यादा से ज्यादा अमेरिकी मिलिट्री इक्विपमेंट की खरीद भी शामिल है। सऊदी अरब के सॉवरेन वेल्थ फंड और पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) में 925 अरब डॉलर की भारी भरकम रकम है। सऊदी ने इसके जरिए पहले ही अमेरिका में कई इन्वेस्टमेंट कर रखे हैं। वहीं, यूएई ने भी अगले 10 साल में अमेरिका के एआई, सेमीकंडक्टर, एनर्जी और इन्फ्रा सेक्टर में 1.4 ट्रिलियन डॉलर निवेश करने की इच्छा जताई है।

**ट्रम्प के सऊदी अरब से अच्छे रिश्ते :** ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों के साथ बेहतर रिश्ते कायम किए थे। ट्रम्प के पद छोड़ने के बाद भी सऊदी अरब ने ट्रम्प के दामाद और पूर्व सहयोगी जेरेड कुशनर की एक फर्म में 2 अरब डॉलर (17 हजार करोड़ रुपए) का निवेश किया था। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जब जमाल खशोगी की हत्या के बाद सऊदी अरब और अमेरिका के संबंधों पर असर पड़ा तो कुशनर ने इसे संभालने में मदद की थी। ट्रम्प सऊदी अरब की यह यात्रा ऐसे मौके पर कर रहे हैं, जब उनके टैरिफ ने दुनिया भर में उथल-पुथल मचा रखी है। इस साल के शुरुआती तीन महीनों में अमेरिका के आर्थिक प्रोडक्शन में गिरावट आई है, जो पिछले तीन सालों में पहली गिरावट है। इजराइल-सऊदी अरब के बीच रिश्ता बेहतर करना चाहते हैं ट्रम्प ट्रम्प ने पिछले कार्यकाल में सऊदी अरब और इजराइल के बीच रिश्ते बेहतर करने की कोशिश की थी। ट्रम्प चाहते हैं कि सऊदी अरब, इजराइल को मान्यता दे। वहीं सऊदी अरब का कहना है कि पहले फिलिस्तीन अलग देश बने जिसकी राजधानी पूर्वी यरुशलम हो और उनके बीच सीमा 1967 से पहले जैसी हो। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने उम्मीद जताई है।

# गाजा में 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट, 3 महीने से अनाज का एक दाना भी नहीं पहुंचा

**गाजा, एजेंसी।** गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजराइल ने पिछले तीन महीने से गाजा पट्टी में अनाज की सप्लाई पर रोक लगा रखी है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है। इसके मुताबिक अगर इजराइल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर पांच में से एक व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। इजराइल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजराइली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजराइल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

गाजा से महज 40 किमी की दूरी पर अनाज का स्टॉक यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने का स्टॉक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरुरी भोजन इजराइल, मिस्र और जॉर्डन के गोदामों में पड़ा है। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा



में डब्ल्यूएफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन उपलब्ध कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजराइल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है। अगर इजराइल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। बेंजामिन नेतन्याहू- हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में खाना पहुंचाने के लिए एक नई योजना का सुझाव दिया, जिसमें निजी संगठन कुछ चुनिंदा जगहों पर खाना बांटेंगे। यूएन ने इस योजना को खारिज कर दिया, क्योंकि इससे लोगों को खाना पाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी।

## पूर्व हमास लीडर याह्या सिनवार के भाई की इजराइली हवाई हमले में मौत



**गाजा , एजेंसी।** इजराइली फाइटर जेट्स ने मंगलवार शाम को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस पर बमबारी की। इस हमले में हमास नेता याह्या सिनवार के भाई मोहम्मद सिनवार की मौत हो गई। न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह खबर दो इजराइली अधिकारियों के हवाले से दी है। याह्या सिनवार अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हुए हमलों का मास्टरमाइंड था। उसकी पिछले साल इजराइली हमले में मौत हो गई थी। इजराइली सेना का कहना है कि उसके सैनिकों ने खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल के नीचे हमास कमांड सेंटर पर हमला किया था। अभी तक यह क्लियर नहीं हो पाया है कि हॉस्पिटल की इमारत को नुकसान पहुंचा है या नहीं।

## बहामास में भारतीय मूल के अमेरिकी छात्र की मौत; होटल की बालकनी से गिरा, ग्रेजुएट सेरेमनी से पहले हादसा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य में पढ़ाई कर रहे एक भारतीय मूल के छात्र की बहामास में एक होटल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। यह दुखद हादसा तब हुआ जब छात्र स्नातक होने से बस कुछ दिन दूर था। मृतक छात्र की पहचान गौरव जयसिंह के रूप में हुई है, जो मैसाचुसेट्स के वॉल्थम स्थित बेंटली यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे। वे बहामास में अपनी यूनिवर्सिटी के सीनियर क्लास ट्रिप पर गए हुए थे। रविवार, 11 मई को हुए इस हादसे में उनकी मौत हो गई।

**बेंटली यूनिवर्सिटी ने जताया शोक :** बेंटली यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, गौरव जयसिंह की दुखद मृत्यु से पूरा कैंपस गहरे शोक में है। यह कुछ बहुत ही मुश्किल दिन रहे हैं। हमारी संवेदनाएं गौरव के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। हम उन्हें 17 मई को होने वाले स्नातक समारोह में सम्मानित करेंगे। यूनिवर्सिटी ने आगे कहा कि वे इस हादसे से प्रभावित छात्रों को मानसिक सहयोग देने के लिए काउंसलिंग सुविधा भी उपलब्ध करा रही है। मामले में की जांच में जुटी स्थानीय पुलिस वहीं इस मामले में




बहामास पुलिस ने बताया कि गौरव जयसिंह होटल के कमरे में अपने दोस्तों के साथ थे, जब वह ऊपरी मंज़िल की बालकनी से अचानक गिर गए। करीब रात 10 बजे यह हादसा हुआ। उन्हें निचली मंजिल पर बेहोशी की हालत में पाया गया। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि जांच अभी जारी है, लेकिन शुरुआती रिपोर्ट में यह एक हादसा बताया गया है। इस हफ्ते ग्रेजुएट होने वाला था छात्र जानकारी के मुताबिक, छात्र गौरव जयसिंह अमेरिका के श्रूजबरी, मैसाचुसेट्स के निवासी थे। वो बेंटली यूनिवर्सिटी में डेल्टा सिग्मा पाई फ्रैटर्निटी का सदस्य भी था और साउथ एशियन स्टूडेंट्स एसोसिएशन से भी जुड़ा हुआ था। उनकी पढ़ाई लगभग पूरी हो चुकी थी और वो इस सप्ताह ग्रेजुएट होने वाला था। पूरी यूनिवर्सिटी और भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

## ब्रिटेन पीएम स्टार्मर की नई इमिग्रेशन पॉलिसी; 5 की जगह 10 साल तक रहने वालों को ही मिलेगी स्थाई नागरिकता

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने नई इमिग्रेशन पॉलिसी की घोषणा की। इससे ब्रिटेन में स्थायी रूप से रहना और कठिन हो गया है। स्थायी निवास के लिए आवेदन करना हो तो प्रवासी को अब 10 साल ब्रिटेन में ही रहना अनिवार्य होगा। पहले यह अवधि सिर्फ 5 साल के लिए थी। ब्रिटिश पीएम की इस घोषणा का असर भारतीय नागरिकों को भी पड़ेगा, जिनकी ब्रिटेन में बड़ी संख्या है। साल 2023 में करीब ढाई लाख भारतीय पढ़ाई और काम के सिलसिले में ब्रिटेन आए थे। ब्रिटिश पीएम की घोषणाओं के अनुसार, सभी वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की आवश्यकताओं को कड़ा किया गया है। ब्रिटिश पीएम की घोषणाओं में केयर सेक्टर में विदेशी कर्मचारियों की भर्ती पर रोक लगाई गई है। स्नातक वीजा धारकों के लिए पढ़ाई के बाद ब्रिटेन में ही रहने की अवधि जो पहले 2 साल की थी, उसे घटाकर डेढ़ साल कर दिया गया है। अब स्किल्ड वीजा के लिए सिर्फ ए लेवल नहीं, डिग्री लेवल की योग्यता आवश्यक होगी।




**कान्स में यूक्रेन की तीन फिल्में :कान्स, एजेंसी।** फ्रांस के कान्स शहर में 78वें कान फिल्म महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को हुई। मंगलवार को जूलियट बिनोचे की 'जूरी' का अनावरण किया गया। यूक्रेन के समर्थन में तीन फिल्मों के प्रदर्शन और रात्रिकालीन शुरुआती फिल्म अमेली बोनिन की फ्रेंच रोमांस 'लीव वन डे' के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अगले 12 दिनों में कान कई फिल्मों की मेजबानी करेगा, जिनमें 'मिशन-इम्पॉसिबल - द फाइनल रिकोकिंग', स्पाइक ली की 'हाईएस्ट 2 लोएस्ट' और एरी एस्टर की 'एडिंगटन' शामिल हैं। पुरस्कार में 22 फिल्में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## अनीता आनंद कनाडा सरकार में संभालेंगी विदेश मंत्री का पद, भगवद गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की नई सरकार में भारतीय मूल की अनीता आनंद को अहम जिम्मेदारी दी गई है। मार्क कार्नी की कैबिनेट में अनीता आनंद को विदेश मंत्री का पद दिया गया है। लिबरल पार्टी की वरिष्ठ नेता अनीता इससे पहले भी कनाडा की सरकार में रक्षा मंत्री की अहम जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। अब वे मेलिनी जॉली की जगह लेंगी। मेलिनी जॉली को नई सरकार में उद्योग मंत्री बनाया गया है। कनाडा की 58 वर्षीय राजनेता अनीता आनंद ने हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। पूर्व में भी जब अनीता आनंद कनाडा सरकार का हिस्सा बनीं थी, तब भी अनीता ने भगवद गीता पर हाथ रखकर ही पद और गोपनीयता का शपथ ली थी।

**मार्क कार्नी की कैबिनेट में अनुभव और विविधता का मिश्रण :** विदेश मंत्री पद की शपथ लेने के बाद अनीता आनंद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा की नई विदेश मंत्री बनकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अपनी टीम के साथ मिलकर सुरक्षित, निष्पक्ष दुनिया का निर्माण करने और कनाडा के लोगों की सेवा करने की तरफ देख रही हूं। मार्क कार्नी की कैबिनेट में 28 मंत्री हैं। मार्क कार्नी ने दिखाया है कि वह जस्टिन ट्रूडो युग का अनुसरण करने



के बजाय नई शुरुआत करना चाहते हैं। कैबिनेट में अनुभव और विविधता का पूरा ख्याल रखा गया है। कैबिनेट में आधी महिलाएं हैं।

**कौन हैं अनीता आनंद :** भारतीय मूल की अनीता आनंद का जन्म 20 मई 1967 को कनाडा के नोवा स्कोटिया के कैंटविले इलाके में हुआ था। अनीता के माता-पिता सरोज डी राम और एसवी आनंद 1960 के दशक में भारत से कनाडा आकर बसे थे और दोनों पेशे से डॉक्टर थे। अनीता की मां का ताल्लुक पंजाब से और पिता का तमिलनाडु से है। अनीता की दो बहनें गीता और सोनिया भी हैं। साल 1985 में अनीता आनंद ओंटारियो शिफ्ट हो गई, जहां उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से राजनीति विज्ञान से स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद अनीता ने डलहौजी यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो से मास्टर की डिग्री हासिल की। अनीता आनंद ने कानून, शिक्षा और जनसेवा जैसे क्षेत्रों में काम किया। अनीता आनंद ने साल 1995 में जॉन नोल्टन से शादी की, जो एक कनाडाई वकील हैं। दोनों के चार बच्चे हैं और फिलहाल वे ओकविले में रहती हैं। कनाडा की सरकार में सेवाएं देने वाली अनीता आनंद पहली हिंदू नेता हैं। कनाडा की रक्षा मंत्री रहने के दौरान उन्होंने कई ऐसे काम किए, जिनके चलते उन्हें खासी लोकप्रियता मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व फिजी, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

**सुवा, एजेंसी।** केंद्रीय विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने फिजी में 146वें गिरमिट दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद फिजी के पीएम सिटिवेनी राबुका से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों और सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की। मार्गेरिटा ने कहा, पीएम राबुका के साथ प्रमुख क्षेत्रों में भारत-फिजी द्विपक्षीय सहयोग गहरे करने पर जोर दिया। मार्गेरिटा ने गिरमिटिया लोगों की विरासत की प्रशंसा की। राष्ट्रपति रातू से साझा मूल्यों पर वार्ता विदेश व कपड़ा राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने फिजी के राष्ट्रपति रातू नाइकामा से मिलकर दोनों देशों के बीच मित्रता, सहयोग और साझा मूल्यों के बंधन को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने 1879 में भारतीय श्रमिकों को गन्ने के बागानों में काम करने के लिए यहां लाने और उसके बाद से अब तक चले विकासक्रम पर भी चर्चा की।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में : डब्ल्यूटीओ

**जिनेवा, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला ने मंगलवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगारू इशिबा से मुलाकात की। इस दौरान इवेला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है। डब्ल्यूटीओ महानिदेशक ने इशिबा से कहा कि खुले बाजारों में अग्रणी होने के नाते उन्हें जापान से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तेजी से बदलते शुल्क एवं अन्य नीतियों के साथ विश्व वाणिज्य को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, व्यापार वर्तमान में बेहद चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है और यह काफी कठिन है। जापान के विदेश मंत्रालय ने उनके हवाले से कहा, हमें इस संकट का इस्तेमाल हमारे सामने मौजूद चुनौतियों को हल करने के मौके के रूप में करना चाहिए और व्यापार में नए रुझानों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के अग्रणी ' के तौर पर जापान को डब्ल्यूटीओ को बनाए रखने, मजबूत करने तथा बेहतर बनाने में मदद करनी चाहिए।

### जर्मनी ने दक्षिणपंथी किंगडम ऑफ जर्मनी समूह पर प्रतिबंध लगाया

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मन सरकार ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा बताते हुए दक्षिणपंथी संगठन किंगडम ऑफ जर्मनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इतना ही नहीं, कई राज्यों में छापेमारी कर इसके चार नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गृहमंत्री अलेक्जेंडर डोब्रिंड्ट ने इस समूह पर प्रतिबंध की घोषणा करते हुए कहा कि इसके सदस्यों ने यहूदी विरोधी साजिशों का इस्तेमाल करके सत्ता पर अपने दावों को पुख्ता किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। डोब्रिंड्ट ने कहा कि इस संगठन के सदस्यों ने हमारे देश में एक काउंटर-स्टेट बनाया है और आर्थिक आपराधिक ढांचे का निर्माण किया है। हम उन लोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेंगे जो हमारी स्वतंत्र लोकतांत्रिक बुनियादी व्यवस्था पर हमला करते हैं। यह समूह देश के तथाकथित रीच सिटिजन या रीच्सबर्गर आंदोलन का हिस्सा है। इसका दावा है कि ऐतिहासिक जर्मन रीच देश में अभी भी मौजूद है और यह मौजूदा लोकतांत्रिक सरकार या इसकी संसद, कानूनों और अदालतों को मान्यता देने से इनकार करता है। इसके सदस्य कर या जुर्माना देने से भी इनकार करते हैं।

### सिगरेट की डिब्बी पर ऊंगलियों के निशान से 50 साल बाद पकड़ा गया हत्यारोपी

**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** कैलिफोर्निया अमेरिका में करीब 50 साल बाद एक हत्या के आरोपी को पकड़े जाने का मामला सामने आया है। दरअसल साल 1977 में कैलिफोर्निया की एक महिला जीनेट राल्सटन की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। जीनेट का शव उसकी कार की सीट से बरामद हुआ था। अब इस मामले में ओहायो के जेफरसन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल जीनेटे के शव के पास कार से एक सिगरेट की डिब्बी मिली थी, जिस पर हत्यारोपी के ऊंगलियों के निशान थे। जीनेट की हत्या के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी हत्यारे का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। बीते दिनों कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एफबीआई के अपडेट डेटा से फिंगर प्रिंट मैच करने की मांग की। इसी मैचिंग के दौरान ओहायो के जेफरसन के फिंगर प्रिंट सिगरेट के डिब्बे पर मिले फिंगर प्रिंट से मैच कर गए, जिसके बाद जेफरसन को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलूचिस्तान की कशिश पहली हिंदू सहायक आयुक्त

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान की कशिश चौधरी बलूचिस्तान में सहायक आयुक्त बनने वाली पहली हिंदू महिला बन गई हैं। नौशिकी निवासी कशिश ने बलूचिस्तान लोक सेवा आयोग परीक्षा पास की है। वह राजधानी क्वेटा में बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती से मिलीं। कशिश ने मुख्यमंत्री से कहा कि वह महिला सशक्तीकरण, अल्पसंख्यकों के उत्थान और बलूचिस्तान के विकास के लिए काम करना चाहती हैं।

# भारत में बनाए जा सकते हैं ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर, बीसीसीआई ले सकता है कुछ खेलों का जिम्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कारपोरेट भागीदारी से देश में ओलंपिक केंद्रों की स्थापना की खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना में भारतीय क्रिकेट बोर्ड भी दो से तीन ओलंपिक खेलों का जिम्मा उठाने को तैयार है और इस योजना पर इस साल काम शुरू हो जाएगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ हुई बैठक में बीसीसीआई ने यह प्रस्ताव रखा।

बैठक में कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, 'ओलंपिक खेलों के विकास के लिये कारपोरेट जगत की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए हुई अहम बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलंपिक केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया।' सूत्र ने कहा, 'कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद थे जिन्होंने कहा कि बोर्ड दो . तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे।'

सूत्र के अनुसार ये सभी केंद्र एक एक ओलंपिक खेल को समर्पित होंगे और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक प्रशिक्षण सुविधायें और विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। समझा जाता है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के ओलंपिक केंद्रों से प्रेरणा ली है जहां से कई ओलंपिक पदक विजेता निकले हैं। बीसीसीआई ने 2008 में राष्ट्रीय खेल विकास कोष में 50 करोड़ रुपए और पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय ओलंपिक संघ को 8.5 करोड़ रुपए दिए थे।

इसके अलावा बोर्ड ने तोक्यो ओलंपिक 2021 के पदक विजेताओं को चार करोड़ रुपए नकद पुरस्कार भी दिए थे। सूत्र ने यह भी बताया कि भारतीय खेलों खासकर टेनिस और फुटबॉल को मजबूत बनाने के लिए विदेश में बसे भारतीय मूल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन की पात्रता फिर देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस पर 2008 में रोक लगा दी गई थी और केवल भारतीय पासपोर्ट धारक ही भारत के लिए खेल सकते हैं। सूत्र न कहा कि अभी काफी शुरूआती चरण की बातचीत चल रही है और सभी पक्षों से सलाह ली जा रही है।



# ओलंपिक चैंपियन झेंग रोम में सबालेंका को हराकर सेमीफाइनल में



**रोम (एजेंसी)।** ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने अपने सातवें सर्वकालिक मुकाबले में विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका पर अपनी पहली जीत दर्ज की और 6-4, 6-3 की जीत के साथ इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार झेंग न केवल हार्ड कोर्ट के अलावा क्ले सतह पर अपने पहले मैच में सबालेंका के खिलाफ 0-6 से पिछड़ रही थीं- रोम में क्वार्टर फाइनल बाधा दौड़ में भी वह 0-2 से पिछड़ रही थीं। लेकिन 1 घंटे और 37 मिनट में, उन्होंने उन दोनों जीत रहित अंकों को तोड़ दिया, उन्होंने अपने सामने आए सभी पांच ब्रेक पॉइंट बचाए और सबालेंका की सर्विस को तीन बार तोड़ा।

झेंग ने बाद में क्ले पर अपने आराम के स्तर को पिछले छह मुकाबलों की तुलना में एक्स-फैक्टर बताया। हालांकि सबालेंका लगातार नौ मैच जीत रही थीं, लेकिन क्ले-कोर्ट फाइनल में झेंग का रिकॉर्ड 3-0 है और पिछले 20 क्ले-कोर्ट मैचों में उनका रिकॉर्ड 17-3 है।

झेंग ने मैच के बाद कहा, 'इस दौरान मैं उसे कोर्ट पर हराने की कोशिश कर रही हूं। कभी-कभी मैं बहुत करीब पहुंच जाती हूं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हो पाता। यह पहली बार है जब हम क्ले पर खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि जब मैं क्ले पर खेलती हूं, तो मैं अधिक सहज महसूस करती हूं क्योंकि मुझे क्ले पर बहुत अच्छा अनुभव है।' झेंग,जिन्होंने 27 अनफोर्स्ड गलतियां कीं और केवल 15 विनर्स लगाए,ने कहा, 'मैं उससे अधिक धैर्यवान थी। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं और दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी को हराने के लिए आगे कदम बढ़ाकर खुश हूं।'

झेंग रोम में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी चीनी महिला हैं, इससे पहले ली ना ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, जो 2012 में टूर्नामेंट में उपविजेता रही थीं। वह अपने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में जगह बनाने के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त कोको गॉफ के खिलाफ खेलेंगी, जिन्होंने पहले रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। गॉफ ने झेंग किनवेन के खिलाफ पिछली दोनों भिड़ंत जीती थीं (पिछले सीजन में रोम के क्वार्टर फाइनल में और पिछले साल रियाद में डब्ल्यूटीए फाइनल में चैंपियनशिप मैच में)। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने मैड्रिड और रोम में रेड क्ले पर अपने 10 में से नौ मैच जीते हैं।

# रोहित शर्मा ने टेस्ट के बाद वनडे से संन्यास पर तोड़ी चुप्पी, ... मैं खेलना छोड़ दूंगा




**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा के टी20 और टेस्ट से संन्यास के बाद अब वनडे से भी उनके संन्यास की अटकलें लगाई जा रही हैं। मार्च में भारत द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने के बाद रोहित के प्रारूप वनडे से संन्यास की अटकलें थी, लेकिन उन्होंने टेस्ट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया था। रोहित की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम 2023 के वनडे विश्व कप के फाइनल में हार गई थी और ऐसी खबरें हैं कि 'हिटमैन' इस प्रारूप से बाहर होना चाहते हैं।

रोहित ने कहा, 'मैं पहले की तरह ही खेलता था, मैं अपना समय लेता था। मैं पहले 10 ओवर में 30 गेंदें खेलता था और सिर्फ 10 रन बनाता था। लेकिन अगर मैं अब 20 गेंदें खेलता हूं, तो 30, 35 या 40 रन क्यों नहीं बना सकता? और जिन दिनों मैं तेजी से आगे बढ़ता हूं, पहले 10 ओवर में 80 रन बनाना बिल्कुल भी बुरा नहीं है। अब मैं ऐसा ही सोचता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैंने यह कर दिखाया है; मैंने वो रन बनाए हैं जो मुझे बनाने थे। अब मैं क्रिकेट को अलग तरीके से खेलना चाहता हूं। मैं इनमें से किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं। यह मत सोचिए कि चीजें इसी तरह चलती रहेंगी, कि मैं 20 या 30 रन बनाता रहूंगा और खेलता रहूंगा। जिस दिन मुझे लगेगा कि मैं मैदान पर वो नहीं कर पा रहा हूं जो मैं करना चाहता हूं, मैं खेलना छोड़ दूंगा। यह पक्का है। लेकिन अभी मैं जानता हूं कि मैं जो कर रहा हूं, उससे टीम को मदद मिल रही है।'

# बोलोग्ना ने मिलान को हराकर 51 साल बाद कोपा इटालिया का खिताब जीता

**रोम (एजेंसी)।** बोलोग्ना एफसी ने एसी मिलान पर 1-0 की जीत के साथ कोपा इटालिया फ्रेकिआरोसा (इटैलियन कप) ट्रॉफी जीत ली है। 1973/74 के बाद पहली बार टीम ने खिताब जीता है।




मैच शुरू होने के 3 मिनट बाद मिलान ने पहला मौका बनाया जब लीओ ने विंग पर लुकुमी को हराया और एक खतरनाक क्रॉस भेजा, लेकिन जिमेनेज इसे पूरा नहीं कर सके। 5 मिनट बाद, बोलोग्ना ने कास्त्रो से क्लोज-रेंज हेडर के साथ जवाब दिया, लेकिन मेगनन ने एक शानदार बचाव किया।

9वें मिनट स्कोर्पस्की ने डबल सेव किया - पहले मिरांडा के डिफ्लेक्शन पर, फिर जोविक के क्लोज-रेंज शॉट को रोक दिया। इन शुरुआती मौकों के बाद दोनों ही टीमों का डिफेंस बेहद रक्षात्मक रहा और पहला हाफ 0-0 पर समाप्त हुआ।

दूसरे हाफ की शुरुआत के 7 मिनट बाद बोलोग्ना की तरफ से गोल दागा गया। थियो हर्नांडेज़ ने ओरसोलिनी को टैकल किया और गेंद एनडोये के पास गई, जिन्होंने दाएं पैर से शॉट लगाया। मिलान ने वॉकर, जोआओ फेलिक्स और जिमेनेज को टॉमोरी, जिमेनेज और जोविक के प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में लाकर संतुलन बनाने की कोशिश की।

बोलोग्ना ने भी फेबियन और ओरसोलिनी के सब्सिट्यूट के तौर पर पोबेगा और कैसले को मैदान में उतारा। मिलान के लिए गोल के मौके बनाना बेहद मुश्किल रहा। बोलोग्ना ने कास्त्रो और एनडोये से कुछ लंबे शॉट लेने की कोशिश की, हालांकि वे लक्ष्य से चूक गए। परिणाम के लिए अतिरिक्त समय भी दिया गया लेकिन इसका फायदा मिलान नहीं उठा सकी। विन्सेन्ज़ो इटालियानो के बोलोग्ना ने 1-0 से जीत हासिल की और कोपा इटालिया फ्रेकियारोसा को अपने नाम कर लिया।

जीत के बाद बोलोग्ना के कोच विन्सेन्ज़ो इटालियानो ने कहा, 'यह मेरे लिए फुटबॉल खेलने के बाद से सबसे बड़ी खुशी है, एक खिलाड़ी और एक कोच के रूप में। मैं तीन फाइनल में बाल-बाल हारने के बाद इस कप को आसमान तक उठाने में कामयाब रहा। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। मैंने लड़कों से कहा कि हमने 51 साल बाद बोलोग्ना को खिताब दिलाया। यह मेरी पहली महत्वपूर्ण ट्रॉफी है और इसके लिए मैं बेहद खुश हूं।'

हार के बाद एसी मिलान के कोच सर्जियो कॉन्सेकाओ ने कहा, 'हार के बाद निराशा होती है। इस समय मैच के दौरान क्या गलत हुआ, इस पर मेरा ध्यान लगा हुआ है। मैं ये सोच रहा हूं कि हमने क्या गलत किया और क्या बेहतर हो सकता था। हमारे पास अभी 2 मैच हैं। हम आगे बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। मिलान को लोग इस खेल के प्रति गंभीर हैं और निश्चित रूप से हमारे प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे।'

# अर्शदीप को इंग्लैंड दौरे में मिल सकती है जगह

नई दिल्ली । बांए हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह मिलने की काफी संभावनाएं हैं। अर्शदीप ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनकी गेंदबाजी प्रभावी रही है, इसके अलावा बांए हाथ का गेंदबाज हर टीम अपने पास चाहती है जिससे भी उनकी मांग रहेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। ये भी अटकलें हैं कि अर्शदीप को अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर रखा जा सकता है। वहीं हर्षित राणा भारत ए टीम के साथ इंग्लैंड जाएंगे। पिछले कुछ समय में शमी का फॉर्म और फिटनेस एक बड़ी चिंता का कारण रहा है। आईपीएल में भी वह प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ऐसे में अगर शमी को टीम में जगह नहीं मिलती है तो मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जोड़ीदार के तौर पर अर्शदीप खेलते हुए दिखेंगे। अर्शदीप का आईपीएल के इस सत्र में प्रदर्शन अच्छा रहा है और वह पर्पल कैप के दावेदारों में भी शामिल हैं। भारत का इंग्लैंड दौरा 20 से 24 जून तक हेडिंग्ले, लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 2 से 6 जुलाई तक खेला जाएगा, तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई तक लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर होगा। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 से 27 जुलाई तक चौथा टेस्ट खेला जाएगा, जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।



# आईपीएल सत्र के बाद संन्यास ले सकते हैं धोनी



मुम्बई । नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी संभाल रहे महेन्द सिंह धोनी का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। वह फिटनेस समस्याओं से भी जूझते दिखे। इससे ये संकेत मिलते हैं कि धोनी इस सत्र के बाद शायद ही खेलते हुए दिखें। इस सत्र में सीएसके की टीम को प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा और वह प्लेऑफ से भी शुरुआत में ही बाहर हो गयी। उसके बाद से ही धोनी ने कहा था कि अब टीम अगले सत्र के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की तलाश कर रही है। जो बताता है कि धोनी आईपीएल से संन्यास ले सकते हैं। वैसे भी धोनी की उम्र 43 साल हो गयी है और अब उनके खेल में पहले वाली बात नहीं रह गयी है। वह पिछले आईपीएल में भी मांसपेशियों में खिंचाव से पीड़ित रहे थे। चोट की वजह से धोनी की लय भी प्रभावित हुई है। टीम में अब नए खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है जिसमें धोनी मेंटर की भूमिका निभा सकते हैं। उनका अनुभव सीएसके के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण होगा। दूसरी ओर, धोनी ऋतुराज को कप्तानी और फील्ड प्लेसमेंट के बारे में कुछ टिप्स सीखने में मदद कर सकते हैं। धोनी आईपीएल के इतिहास में 100 पारी में नाबाद रहने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। धोनी के बाद सबसे ज्यादा बार नाबाद रहने वाले खिलाड़ी रविंद्र जडेजा हैं। जडेजा 80 बार ऐसा कमाल आईपीएल करियर में कर चुके हैं। वहीं तीसरे नंबर पर कायरन पोलार्ड हैं। वह 52 बार नाबाद रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया से मुकाबले में सावधान रहे : डिविलियर्स

जोहांसबर्ग । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर ए बी डिविलियर्स ने अपने देश की टीम से कहा है कि वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्लयूटीसी) में ऑस्ट्रेलिया से होने वाले मुकाबले को लेकर सावधान रहे। डिविलियर्स ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को कभी भी हल्के में लेने की भूल नुकसानदेह रहेगी। साथ ही कहा कि जब भी उसे हावी होने का अवसर मिले उसका लाभ उठाये और ऑस्ट्रेलिया को उसी के आक्रामक अंदाज में जवाब दे। डब्लयूटीसी फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। पूर्व कप्तान ने कहा भले ही इस बार हमारी टीम में अनुभव की कमी हो, फिर भी वह कमजोर नहीं है। इस मैच के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में टोनी डी ज़ोरज़ी, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश जैसे युवा खिलाड़यों को शामिल किया है। विलियर्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर सभी को कुछ हैरानी भी हुई क्योंकि उनकी टीम में अनुभव की कमी है हालांकि इसके बाद भी टीम में बेहर प्रदर्शन की क्षमता है। उन्होंने कहा कि हां, मुझे लगता है कि हम सभी के लिए आश्चर्य की बात है कि हम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। मैं आश्चर्य इसलिए कह रहा हूं क्योंकि कि हमारी विरोधी ऑस्ट्रेलिया के पास काफी अनुभवी है। उसके पास टेस्ट मैच प्रारूप में सबसे अधिक अनुभव है और वह लगातार शीर्ष पर रहती हैं। वहीं हमारी टीम इस मामले में पीछे हैं। टीम इस बार कई युवा और अनुभवहीन खिलाड़ियों के होने के बाद भी कमाल का प्रदर्शन करने में सफल रही है। डी विलियर्स ने कहा कि जब भी उन्हें हावी होने का मौका मिले, उन्हें इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा पाया है कि उनके खिलाफ खेलने का सबसे अच्छा तरीका उन्हीं के अंदाज में जवाब देना है। इसका मतलब यह नहीं कि यह हर किसी के लिए काम करेगा। व्यक्तिगत रूप से, मुझे लगता है कि यह इसका सबसे अच्छा तरीका है।

# नीरज चोपड़ा लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि से सम्मानित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। नीरज ने ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीते हैं। इसके अलावा वह विश्व चैम्पियनशिप विजेता भी हैं। नीरज 26 अगस्त 2016 को नायब सूबेदार के रूप में भारतीय सेना में जूनियर कमीशंड अधिकारी के रूप में पहली बार शामिल हुए थे। इसके दो वर्ष बाद नीरज को एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार मिला और फिर 2021 में खेल रत्न से सम्मानित किया गया। इस वर्ष उन्हें सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर नीरज को 2022 में भारतीय सेना के सर्वोच्च शांतिकालीन सम्मान परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। उन्हें टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई

भारतीय सेना ने इससे पहले भी कई प्रसिद्ध खिलाड़ियों को उनके खेल में उत्कृष्ट योगदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए मानद सैन्य उपाधियाँ प्रदान की थीं। ।




### अभिनव बिंद्रा

निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई। ब्रिंदा ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्तिगत ओलंपिक चैंपियन रहे हैं।

### कपिल देव

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव को 2008 में टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक प्रदान की गई। यह सम्मान उनके क्रिकेट में योगदान और नेतृत्व के लिए दिया गया। कपिल की कप्तानी में ही साल 1983 में भारतीय टीम ने विश्वकप सहित कई अन्य खिताब जीते थे।

### महेंद्र सिंह धोनी

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को 2011 में 106 टेरिटोरियल आर्मी बटालियन (पैरा) में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई। वे एक योग्य पैराटूपर भी हैं, जिन्होंने पांच पैराशूट प्रशिक्षण कूद पूरी की। धोनी ने 2019 में कश्मीर में 15 दिन की स्वैच्छिक सेवा भी दी। धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2011 विश्वप के अलावा कई अन्य आईसीसी खिताब भी जीते थे।

### सचिन तेंदुलकर

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को 2010 में भारतीय वायु सेना ने ग्रुप कैप्टन की मानद उपाधि प्रदान की। यह सम्मान उनके क्रिकेट में अभूतपूर्व योगदान और युवाओं को प्रेरित करने के लिए दिया गया।

# अल्काराज ने ड्रेपर को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाइ

रोम। कार्लोस अल्काराज ने रोम में अपनी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा जारी रखी और बुधवार को जैक ड्रेपर को सीधे सेटों में हराकर इंटरनैशनली बीएनएल डी 'इटालिया के सेमीफाइनल में पहुंच गए। स्पेन के इस खिलाड़ी ने क्ले एटीपी मास्टर्स 1000 में ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने कैम्पो सेंट्रल पर पहला सेट जीतने के लिए 2-4 से वापसी की। इसके बाद उन्होंने दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक की बढ़त खो दी, लेकिन एक घंटे, 38 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल की। वर्ष की अपनी दूसरी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी (मोंटे-कार्लो के बाद) के लिए ट्रैक पर बने रहने के साथ-साथ, ड्रेपर के खिलाफ अल्काराज की जीत ने यह भी सुनिश्चित किया कि वह सोमवार को एटीपी रैंकिंग में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से आगे बढ़कर नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे। इससे 22 वर्षीय खिलाड़ी को आगामी रौलां गैरो के लिए दूसरे सीड के रूप में भी जगह मिल जाएगी, जहां वह गत विजेता है। दूसरी सीड के रूप में, अल्काराज को क्ले मेजर में विश्व नंबर 1 जानिक सिनर के विपरीत ड्रॉ में होना तय है। 2025 की अपनी टूर-लीडिंग 28वीं जीत के साथ, अल्काराज अपने दूसरे प्रदर्शन में पहली बार रोम सेमीफाइनल में पहुंचे। वहां उनका प्रतिद्वंद्वी गत विजेता और दूसरे सीड ज्वेरेव या घरेलू पसंदीदा लोरेंजो मुसेट्टी होगा। जैसा कि उन्होंने अपने पिछले दो मैचों में लासलो जेरे और करेन खाचानोव के खिलाफ किया था, अल्काराज ने ड्रेपर के खिलाफ ऐसा प्रदर्शन किया जो शॉटमेकिंग की चमक और चूक के बीच नाटकीय रूप से उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को मुश्किल स्थितियों से बचने का मौका मिला। फिर भी अल्काराज ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटिश खिलाड़ी को रोकने के लिए आवश्यक स्थिरता पाई।



# आईपीएल फाइनल कोलकाता में ही आयोजित किये जाने के पक्ष में सीएबी

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग 17 मई से फिर शुरु होने जा रहा है पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसमें फाइनल सहित प्लेऑफ्स के मैच स्थलों को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। ऐसे में माना जा रहा है कि बारिश की संभावना को देखते हुए फाइनल को कोलकाता की जगह कहीं और रखा जा सकता है। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) फाइनल को अपने यहां ही आयोजित कराने के पूरे प्रयास कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार सीएबी ने इसी लेकर मौसम विज्ञान केंद्र से भी बात की है। इकसे बाद जो रिपोर्ट, जो बीसीसीआई को सौंपी गई है, उसमें साफ कहा गया है कि इस तरह की भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी और 25 मई के आसपास ही पता चल सकेगा कि मौसम कैसा रहेगा। सीएबी ने दिल्ली में भारतीय मौसम विभाग से भी संपर्क किया। उन्होंने भी इसी तरह का जवाब दिया और इसी को देखते हुए उसने बीसीसीआई से फाइनल का स्थल नहीं बदलने की अपील की है। सीएबी के अधिकारियों का कहना है कि मौसम की भविष्यवाणी के आधार पर आईपीएल खेलों को कोलकाता से बाहर ले जाना सही नहीं है। उसे उम्मीद है कि बीसीसीआई रिपोर्ट को देखने के बाद ही कोई फैसला करेगा।

# केकेआर के मेंटर ड्वेन ब्रावो सहित ये खिलाड़ी लौटे भारत, आईपीएल 2025 के शेष सत्र में लेंगे हिस्सा

**मुंबई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर ड्वेन ब्रावो और रोमेरियो शेफर्ड सहित वेस्टइंडीज के कुछ अन्य खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग के फिर से शुरू होने से पहले भारत लौट आए हैं। आईपीएल 17 मई को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच के साथ फिर से शुरू होगा।

वेस्टइंडीज के स्टार ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक स्टार खिलाड़ी के रूप में कई साल खेले और अपनी बेहतरीन मध्यम गति की गेंदबाजी और निचले क्रम की पावर-हिटिंग से महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने के बाद उन्होंने पहले सीएसके में गेंदबाजी कोच के रूप में आईपीएल में बने रहै और फिर केकेआर में मेंटर के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के साथ आईपीएल के शेष भाग के लिए भारत लौटने की पुष्टि की। वीडियो में ब्रावो को एक हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रिक वाहन में बैठे हुए दिखाया गया है और जब उनसे पूछा जाता है कि वे कैसे हैं (हिंदी में) तो वह कहते हैं, 'हम वापस आ गए हैं।' केकेआर के विदेशी सितारे आंद्रे रसेल और सुनील नरेन भी ब्रावो की इंस्टाग्राम स्टोरी पर देखे गए।

भारत और पाकिस्तान के बीच हिंसक संघर्ष के कारण 9 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 को निलंबित किए जाने के बाद ब्रावो अन्य विदेशी खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों के साथ भारत छोड़कर चले गए थे। भारत ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष 26 पर्यटकों को जान से मारने के प्रतिशोध में ऑपरेशन सिंदूर के हिस्से के रूप में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था।

ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर कुछ भारतीय शहरों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों के सभी हवाई अड्डे बंद कर दिए गए। लेकिन दोनों देशों के बीच युद्ध विराम पर सहमति के बाद बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को फिर से शुरू करने की घोषणा की, फ्रेंचाइजी ने विदेशी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को आईपीएल के बाकी मैचों के लिए भारत लौटने का जरूरी संदेश भेजा है।

केकेआर को लीग चरण में दो मैच खेलने हैं। 17 मई को आरसीबी के साथ खेलने के बाद वे 26 मई को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेंगे। हालांकि ब्रावो भारत वापस आ गए हैं जबकि राशिद खान जैसे कुछ खिलाड़ी देश से बाहर



नहीं गए हैं, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के कुछ खिलाड़ी भारत लौटने के लिए अनिच्छुक हैं क्योंकि उन्हें अभी भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता है। ऑस्ट्रेलिया के जैक फ्रेजर-मैकगर्क ने पहले ही आईपीएल 2025 में फिर से शामिल होने से इनकार कर दिया है।

# टेनिस प्रशंसक पोप लियो 14वें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से मिले

वेटिकन सिटी । पोप लियो 14वें ने बुधवार को दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर से मुलाकात की। इटैलियन ओपन में विश्राम के दिन सिनर ने बुधवार को नए पोप से मुलाकात के दौरान उन्हें टेनिस रैकेट दिया और उनके साथ खेलने की पेशकश की। पहले अमेरिकी पोप लियो टेनिस खिलाड़ी और प्रशंसक हैं।



उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में एक पत्रकार के सुझाव पर कहा था कि वह चैरिटी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। लेकिन उस समय लियो ने मजाक में कहा था कि हम सिनर को आमंत्रित नहीं कर सकते।' यह संभवत: सिनर के उपनाम के संदर्भ में था जिसका अंग्रेजी में अर्थ 'पापी' होता है। वेटिकन के सभागार में अपने माता-पिता के साथ पहुंचे सिनर ने इतालवी में कहा कि यह सम्मान की बात है। अपना एक रैकेट पकड़कर पोप लियो को दूसरा रैकेट और एक गेंद देते हुए सिनर ने उन्हें एक वॉली खेलने का सुझाव दिया लेकिन पोप ने आसपास की प्राचीन वस्तुओं को देखा और कहा कि बेहतर होगा कि ऐसा नहीं करें। शिकागो के 69 वर्षीय लियो ने इसके बाद अपनी सफेद पोशाक और विंबलडन के लिए इसकी उपयुक्तता के बारे में मजाक किया। ऑल इंग्लैंड क्लब के नियम के अनुसार आपको सफेद कपड़े पहनकर खेलना होता है।

# सुरक्षा के लिए मारुति सुजुकी के सभी वैरिएंटस में मिलेंगे 6 एयरबैग



नई दिल्ली।

मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने लोकप्रिय मॉडल्स ऑल्टो के 10, वैगन आर, सेलेरियो और ईको के सभी वैरिएंट्स में 6 एयरबैग देने का निर्णय लिया है। मारुति सुजुकी ने इसे ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

मारुति सुजुकी कंपनी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा कि भारत में तेजी से विकसित हो रहे सड़क नेटवर्क और बढ़ती तेज़ रफ्तार को देखते हुए अब पहले से कहीं अधिक मजबूत सुरक्षा मानकों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 6 एयरबैग को स्टैंडर्ड बनाने का निर्णय लाखों ग्राहकों के लिए सुरक्षा के स्तर को बेहतर बनाएगा और यात्री सुरक्षा को समग्र रूप से सशक्त करेगा। मारुति सुजुकी की ये कारें एरेना डीलरशिप नेटवर्क के माध्यम से बेची जाती हैं, जबकि इसके प्रीमियम मॉडल्स बलेनो, ग्रैंड विटारा और इनविक्टो नेक्सा नेटवर्क के जरिए ग्राहकों तक पहुंचते हैं। कंपनी के इस निर्णय से संकेत मिलता है कि वह अब एंट्री-लेवल कारों में भी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

इसी बीच कंपनी की मूल जापानी कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ने घोषणा की है कि वह 2025-26 में 380 अरब येन का पूंजीगत निवेश करने की योजना बना रही है, जिसमें से करीब 50 प्रतिशत भारत में निवेश किया जाएगा। इस निवेश का उद्देश्य भारत में उत्पादन क्षमता बढ़ाना और भविष्य की मांगों को पूरा करना है।

# माह के अंत में लांच होगा नया स्मार्टफोन शाओमी सीवी 5 प्रो



नई दिल्ली।

चालू महीने के अंत तक शाओमी सीवी 5 प्रो चीन में लॉन्च हो सकता है। यह फोन स्नैपड्रैगन 8एस जेन 4 चिपसेट से लैस होगा, हालांकि लॉन्च डेट अभी तक कन्फर्म नहीं हुई है। इस बीच, यह फोन गीकबेंच के डेटाबेस में दिखाई दिया है, और इसका मॉडल नंबर 25067 पीवायई3सी है। गीकबेंच लिस्टिंग में चिपसेट का नाम नहीं दिया गया है, लेकिन सीपीयू से मिली जानकारी से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि फोन स्नैपड्रैगन 8एस जेन 4 चिपसेट के साथ आ सकता है। गीकबेंच टेस्ट में इस फोन को सिंगल-कोर में 1983 और मल्टी-कोर में 6874 पॉइंट मिले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फोन में 16जीबी रैम और ऐंड्रॉयड 15 ऑपरेटिंग सिस्टम होगा। पिछले साल जून में लॉन्च हुए शाओमी सीवी के फीचर्स की तुलना में इस फोन में और बेहतर स्पेसिफिकेशन दिए जा सकते हैं, जैसे कि 1.5 के ओलेड डिस्प्ले, 12जीबी तक रैम, और स्नैपड्रैगन 8एस जेन 2 प्रोसेसर। इस फोन में डॉल्बी ऐटमॉस और इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर भी दिया गया है। फीचर्स की बात करें, तो यह फोन 1.5के रेजॉलूशन के साथ क्वॉड-कर्व्ड अमोलेड, 6000 एमएएच बैटरी और 67वॉच फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करेगा। इसके कैमरे में 50 मेगापिक्सल का टेलिफोटो लेंस और बेहतर लो-लाइट फोटोग्राफी एक्सपीरियंस की सुविधा होगी। भारत में इसे शाओमी 15 सिवी के नाम से लॉन्च किया जा सकता है।

# गूगल ने अपने यूजर्स के लिए नए सिक्योरिटी और प्राइवेसी फीचर्स का किया ऐलान

**नए फीचर्स धोखाधड़ी, डेटा चोरी और डिवाइस थेफ्ट से सुरक्षा करेंगे प्रदान**

नई दिल्ली।

स्कैम और फ्रॉड के बढ़ते मामलों के चलते गूगल ने अपने एंड्रॉयड यूजर्स की सुरक्षा के लिए नए सिक्योरिटी और प्राइवेसी फीचर्स का ऐलान किया है। ये फीचर्स मंगलवार को पेश किए गए। गूगल का कहना है कि एंड्रॉयड 16 में शामिल ये नए फीचर्स यूजर्स को धोखाधड़ी, डेटा चोरी और डिवाइस थेफ्ट से सुरक्षा प्रदान करेंगे। गूगल द्वारा पेश फीचर्स में ऑन-कॉल सिक्योरिटी लेयर, स्क्रीन शेयरिंग के दौरान प्राइवेसी प्रोटेक्शन, ओटीपी चोरी से बचाव और फैक्ट्री रीसेट प्रोटेक्शन शामिल हैं। इन उपायों से यह तय किया जाएगा कि कोई भी व्यक्ति यूजर की अनुमति के बिना डिवाइस को रीसेट या एक्सेस नहीं कर सकता। कंपनी की रिसर्च के मुताबिक स्कैमर्स अक्सर यूजर्स को फोन पर कुछ खास गतिविधियां करने के लिए ब3हकाते हैं, जिससे उन्हें डिवाइस की सिक्योरिटी सेटिंग्स तक पहुंच मिल जाती है। इसे रोकने के लिए गूगल कुछ एक्शन्स को ब्लॉक करने की तैयारी कर रहा है और साथ ही यूजर्स को संभावित हमलों के बारे में चेतावनी भी देगा। गूगल के सिक्योरिटी ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर ने बताया कि नया अडवांस्ड प्रोटेक्शन प्लान एक यूनिफाइड सिक्योरिटी सेटिंग देता है, जो एंड्रॉयड की सबसे अच्छी और बेहतर सुरक्षा को एक्टिवेट और लॉक कर देता है। खासकर पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और सार्वजनिक हस्तियों के लिए यह सुरक्षा बेहद उपयोगी साबित होगी। इसके अलावा गूगल ने हाल ही में एआई पावर्ड स्कैम डिटेक्शन फीचर को फोन और मैसेजेस ऐप में रोलआउट किया है, जो अब बिलिंग, गिफ्ट कार्ड, क्रिप्टो और टेक्निकल स्कैम जैसे खतरों से भी अलर्ट करेगा। वहीं स्क्रीन शेयरिंग प्रोटेक्शन से कॉल खत्म होने पर स्क्रीन शेयरिंग को बंद करने की रिमाइंडर मिलेगी। यूजर्स को ओटीपी चोरी से भी बचाने के लिए एक नया फीचर जोड़ा गया है, जिसमें हाई-रिस्क स्थितियों में ओटीपी लॉक स्क्रीन पर दिखाई नहीं देगा।

यह फीचर तब एक्टिवेट होगा जब फोन वाई-फाई से कनेक्ट न हो या हाल ही में अनलॉक न किया गया हो। गूगल ने कहा है कि ये सभी फीचर्स धीरे-धीरे एंड्रॉयड 16 डिवाइसेज पर उपलब्ध होंगे।

# खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट का असर

**अप्रैल में थोक महंगाई 13 महीने के निचले स्तर 0.85 प्रतिशत पर, रोजमर्रा की वस्तुएं हुईं सस्ती**

नई दिल्ली।

अप्रैल महीने में थोक महंगाई 2.05 प्रतिशत से घटकर 0.85 प्रतिशत पर आ गई है। ये महंगाई का 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2024 में महंगाई 0.53 प्रतिशत पर थी। वहीं फरवरी 2025 की महंगाई दर को सरकार ने संशोधित किया है। इसे 2.38 प्रतिशत से बढ़ाकर 2.45 प्रतिशत कर दिया गया है। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 मई को ये आंकड़े जारी किए।

रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई 0.76 प्रतिशत से घटकर -1.44 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों की महंगाई 4.66 प्रतिशत से घटकर 2.55 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 0.20 प्रतिशत से घटकर -2.18 प्रतिशत रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 3.07 प्रतिशत से घटकर 2.62 प्रतिशत रही।

होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए होलसेल प्राइस इंडेक्स को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। होलसेल प्राइस इंडेक्स में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

# 1 लाख से अधिक शेयरधारकों के साथ 'एनएसई' भारत की सबसे बड़ी गैर-सूचीबद्ध कंपनी बनी

मुंबई।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। लेटेस्ट इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, एनएसई 1,00,000 से अधिक शेयरधारकों के साथ भारत की सबसे बड़ी गैर-सूचीबद्ध कंपनी बन गई है। इस उपलब्धि के साथ एनएसई देश की चुनिंदा कंपनियों में एक बन गई है, जिनमें निवेशकों की संख्या इतनी अधिक है। इसी के साथ एनएसई की यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण बन जाती है क्योंकि भारत में बहुत कम लिस्टेड कंपनियां शेयरहोल्डर बेस को लेकर इस उपलब्धि को हासिल कर पाई हैं। शेयरधारकों की संख्या में प्रभावशाली वृद्धि एक्सचेंज में निवेशकों की मजबूत रुचि को दर्शाती है, जो देश के फाइनेंशियल इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनएसई ने भारत के प्रतिभूति बाजार में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति के कारण लगातार ध्यान आकर्षित किया है, जो इक्विटी, डेरिवेटिव और अन्य फाइनेंशियल प्रोडक्ट में व्यापार के लिए एक प्रमुख मंच है। इस बीच, 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए एनएसई ने कंसोलिडेटेड कुल आय में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 19,177 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इसकी फाइलिंग के अनुसार, वित्त वर्ष के लिए शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 12,188 करोड़ रुपए हो गया। प्रति शेयर आय भी पिछले वित्त वर्ष के 33.56 रुपए से बढ़कर 49.24 रुपए हो गई, जिसमें 4:1 रेश्यो में बोनस इक्विटी शेयर जारी करना शामिल है। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा कि निदेशक मंडल ने 35 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जिसमें 11.46 रुपए का विशेष एकमुश्त लाभांश शामिल है। इसके अतिरिक्त, एनएसई ने सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी), स्टाम्प ड्यूटी, सेबी फीस, आयकर और जीएसटी सहित विभिन्न शुल्कों के माध्यम से वित्त वर्ष 2025 में भारतीय खजाने में 59,798 करोड़ रुपए का योगदान दिया।

## देश में लम्बे समय से पेट्रोल-डीजल उपभोक्ताओं को नहीं मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली।

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कितना भी उतार या चढ़ाव आया हो, लेकिन देश में लम्बे समय से पेट्रोल-डीजल उपभोक्ताओं को बड़ी राहत नहीं मिली है। गुरुवार को सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमते जारी कर दी है। राजस्थान में पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। यहां पर इसकी कीमत 105.51 रुपए प्रति लीटर ही है। हालांकि डीजल थोड़ा सस्ता हुआ है। राजस्थान में डीजल औसत कीमत 91.00 रुपए प्रति लीटर है। वहीं देश के प्रमुख शहरों में भी दोनों ही ईंधनों की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है।दिल्ली में पेट्रोल की 94.72 और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44, डीजल 89.97, कोलकाता में पेट्रोल 103.94, डीजल 90.76, डीजल 87.76 प्रे ति` लटिर है। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 100.85 तथा डीजल 92.44 रुपए और और नोएडा में पेट्रोल 94.87, डीजल 88.01 रुपए प्रति लीटर की कीमत पर बिक रहा है। देश में आखिरी बार मार्च 2024 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव किया था। इस दौरान दोनों ईंधनों की कीमतों को 2-2 रुपए प्रति लीटर की दर से संशोधित किया गया था।




## टाटा पावर की 25,000 करोड़ के निवेश की योजना

नई दिल्ली।

टाटा पावर के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि कंपनी वित्त वर्ष 2025-26 में 25,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बना रही है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश में दो वितरण कंपनियों के लिए बोली लगाने की भी इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि कंपनी परमाणु परियोजनाओं के मामले में कानूनी बदलावों का इंतजार कर रही है और यह उसी के अनुरूप कदम उठाएगी। सिन्हा ने बताया कि कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष में 25 प्रतिशत बढ़कर 1,306.09 करोड़ रुपये रहा है। उत्पादन, पारेषण और वितरण, और नवीकरणीय ऊर्जा सहित प्रमुख कारोबार क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी की पूंजीगत व्यय योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा` कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पूंजीगत व्यय 25,000 करोड़ रुपये है। इसमें से 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा, 20 प्रतिशत उत्पादन, और 30 प्रतिशत पारेषण और वितरण क्षेत्रों के लिए है।

## सैट ने जेनसोल को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने की मंजूरी दी

नई दिल्ली।

जेनसोल इंजीनियरिंग ने साझा बाजार को सूचित किया कि प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने उसे बाजार नियामक सेबी के अंतरिम आदेश पर जवाब दाखिल करने की अनुमति दे दी है। यह आदेश कंपनी और उसके प्रवर्तकों को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया था। पिछले महीने सेबी ने जेनसोल इंजीनियरिंग और उसके प्रवर्तकों को अगले आदेश तक प्रतिबंधित कर दिया था। इसके पीछे की वजह थी कंपनी के कोष को दूसरी जगह भेजने और संचालन से जुड़ी खामियों के मामले। जेनसोल इंजीनियरिंग ने आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की थी, जिसका निपटारा सैट ने कर दिया है। सेबी ने उसे दो सप्ताह का समय दिया है अपना जवाब दाखिल करने के लिए। कंपनी ने बताया कि वह सेबी के आदेश का जवाब तैयार करने के लिए अपने कानूनी सलाहकारों और वकील से सहायता मांग रही है। सेबी ने अपने आदेश में कोई टिप्पणी नहीं की है। जेनसोल इंजीनियरिंग के मुख्य ने आदेश की खुलासे में देरी का कारण अनुपालन अधिकारी के पद रिक्त होने और कंपनी में कमी के थे।

## ई-कॉमर्स कंपनियों को पाकिस्तानी झंडे वाले उत्पाद हटाने के निर्देश

**भारतीय कारोबारियों ने तुर्किये के सेब का बहिष्कार करना भी शुरू किया**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने युद्ध में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के बाद आर्थिक मोर्चे पर भी कड़ा फैसला किया है। उपभोक्ता संरक्षण नियामक (सीसीपीए) ने अमेजन इंडिया और फिलपकार्ट समेत ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस जारी कर उन्हें पाकिस्तानी झंडे वाले उत्पाद हटाने का निर्देश दिया है। मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस कदम की घोषणा की और कहा कि ऐसी असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-कॉमर्स मंचों को निर्देश दिया जाता है कि वे ऐसी सामग्री को तुरंत हटा दें और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करें। हालांकि, इस सामान को बेचकर कौन से कानून का उल्लंघन किया जा रहा है, यह मंदिर के पोस्ट में स्पष्ट नहीं किया गया। लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव उत्पन्न हो गया है। इसके अलावा भारतीय कारोबारियों ने तुर्किये के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू किया है। जिससे तुर्की का भारत कोटा कम हो सकता है। सरकार के साथ-साथ पब्लिक के अंदर भी तुर्की और अज़रबैजान के साथ जबरदस्त गुस्सा है। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्की और अज़रबैजान के बहिष्कार की मुहिम चल रही है। इसका सीधा असर दिखा है तुर्की और अज़रबैजान जाने वाली फ्लाइट बुकिंग्स पर भी देखा जा रहा है क्योंकि लोग जमकर इन दोनों देशों की प्लान की गई अपनी यात्राओं को कैंसल कर रहे हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 1200 , निफ्टी 395 अंक उछला**

मुम्बई।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई और इसके बाद दिन भर उतार-चढ़ाव बना रहा पर अंत में अचानक आई तेजी से बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1200.18 अंक 1.48 फीसदी की तेजी के साथ 82,530.74 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 395.20 अंक तकरीबन 1.60 फीसदी बढ़कर 25,062.10 अंकों पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 29 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए और केवल एक कंपनी का शेयर ही नीचे आया। इस प्रकार निफ्टी की 50 में से 49 कंपनियों के शेयरों में तेजी आई और केवल एक कंपनी का शेयर ही गिरा। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा मोटर्स के शेयर सबसे ज्यादा 4.16 फीसदी उछले जबकि इंडसइंड बैंक के शेयर 0.16 फीसदी नीचे टूटे।

आज बढ़त पर बंद होने वाली सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में एचसीएल टेक 3.37 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 2.60 फीसदी, मारुति सुजुकी 2.17 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2.07 फीसदी, एशियन पेंट्स 2.04 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.88 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.62 फीसदी व भारती एयरटेल 1.61 प्रतिशत रहीं। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंसो शेयरों में भी उछाल आया।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत रही।




सुबह बाजार हल्की बढ़त के साथ सपाट स्तर पर खुले। खुलते ही निफ्टी-50 और सेंसेक्स लाल निशान में फिसल गए। बाजार के जानकारों का कहना है कि पिछले दो कारोबारी सत्र में बेंचमार्क में प्रॉफिट बुलिंग देखी गई। यह दिखाता है कि हाई लेवल पर गति कमजोर हो सकती है। आईटी स्टॉक्स में तेजी और मेटल कंपनियों के शेयरों में बढ़त और आखिरी एक घंटे में खरीदारी से बाजार चढ़कर बंद होने में कामयाब रहा। वहीं एशियाई बाज़ारों में गुरुवार को गिरावट देखी गई। पिछले दिन अमेरिका-चीन तनाव में नरमी की उम्मीद पर बढ़त बनी थी, लेकिन आज बाज़ार नीचे आ गए। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.90 फीसदी ` गिरा, जबकि टॉ पिक्स में 0.76 फीसदी की गिरावट रही। कोस्पी और एसएक्स200 मामूली कमजोरी के साथ सपाट कारोबार कर रहे थे। अमेरिका में एसएंडपी 500 में 0.10 फीसदी की हल्की बढ़त रही नेस्डेक 0.72 फीसदी चढ़ा, डाओ जोंस 0.21 फीसदी फिसल गया।

# सरकार मोबाइल टावर उपकरणों पर 10 फीसदी सीमा शुल्क लगाएगी

**मेक इन इंडिया' को मिलेगा बढ़ावा**

नई दिल्ली।

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और कर छूट के दुरुपयोग को रोकने के मकसद से वित्त मंत्रालय उत्पादों के एक नए वर्गीकरण में प्रमुख मोबाइल टावर उपकरणों पर 10 फीसदी बुनियादी सीमा शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। सैमसंग इंडिया और नोकिया सॉल्यूशंस मामले में विवाद को देखते हुए सरकार इस नीति पर विचार कर रही है। असल में इन दोनों फर्मों ने ऐसी वस्तुओं के आयात पर शून्य शुल्क लाभ का दावा किया है जिसे सरकार गलत वर्गीकरण मानती है। साल की शुरुआत में सैमसंग द्वारा कर से बचने के लिए रिमोट रेडियो हेड (आरआरएच) के आयात को कथित तौर पर गलत तरीके से वर्गीकृत किए जाने के मामले में 52 करोड़ डॉलर का कर नोटिस भेजा गया था। आरआरएच बेस स्टेशन का घटक होता है जिसका उपयोग मोबाइल टावरों में सिग्नल को प्रॉसेस करने के लिए किया जाता है।

कंपनी ने कर विभाग के आदेश को मुंबई सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपील पंचाट (सीईएसटीएटी) में चुनौती दी है।

उसका कहना है उत्पाद का वर्गीकरण उद्योग के मानदंड के अनुरूप है और अधिकारियों ने पहले इस पर सवाल नहीं उठाया था।ऐसे ही एक अन्य मामले में नोकिया को दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत मिली थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी में नोकिया के खिलाफ एडवांस रूलिंग अथॉरिटी के आदेश को खारिज कर दिया था। अथॉरिटी ने इसमें स्मॉल फॉर्म फैक्टर प्लगएबल (एसएफपी) ट्रांसीवर को पूर्ण दूरसंचार उपकरण के रूप में वर्गीकृत करने के लिए कहा था जिस पर 20 फीसदी शुल्क लगाया जाता है। मगर अदालत ने अपने फैसले में कहा कि एसएफपी कोई मशीन नहीं बल्कि नेटवर्क का हिस्सा है और उन्हें उन वस्तुओं के रूप में वर्गीकृत करना सही है जिन पर शून्य सीमा शुल्क लगता है।

घटनाक्रम के जानकार एक सरकारी अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'इसका उद्देश्य मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप उच्चस्तरीय अत्याधुनिक दूरसंचार उपकरण उत्पादन के लिए आवश्यक वास्तविक उपकरणों पर शून्य शुल्क बनाए रखना है।

## भारत सरकार चीनी निवेश प्रस्तावों की अधिक कठोर समीक्षा करेगी

**सरकार ने पहले चीनी निवेश पर लगाया था प्रतिबंध**

नई दिल्ली।

भारत सरकार ने चीनी कंपनियों के निवेश प्रस्तावों की कठोर समीक्षा की योजना बनाई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय लिया गया है, जिसे भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के जवाब में 'ऑपरेशन सिदूंर' लॉन्च किया था। इससे चीन, तुर्की, बांग्लादेश ने पाकिस्तान को समर्थन दिया। हालांकि, यह स्थिति चीनी वेंचर्स के लिए विपरीत प्रभाव डाल सकती है। सरकार की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग में चीनी कंपनियों के साथ ज्वाइंट वेंचर की तरफ बढ़ती रुचि के चलते अब देरी हो सकती है। होम अप्लायंसेस हायर भारतीय कार्यक्षेत्र जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम के संभावित 1,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव पर सरकार ने विचार करने का फैसला किया है। इससे स्थिति उद्योग में नए सवाल उत्पन्न हो सकते हैं। सरकार ने पहले चीनी निवेश पर प्रतिबंध लगाया था और इसके लिए निवेश पर नजर रखने का निर्णय लिया था। हाल ही में चीनी कंपनियों को भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में 5जी रोलआउट से बाहर रखा गया था। इस समीक्षा के फलस्वरूप भारत ने सुरक्षित निवेश के पक्ष में कठोर कदम उठाने का नेतृत्व किया है। यह इसे आतंकी हमलों के मामले में भी अपनी रचनात्मक स्थिति बनाए रखने में मदद कर सकता है।

## केपीआईएल को मिले बिजली, भवन क्षेत्र में 2,372 करोड़ के ठेके

**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने अपनी अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर एक बड़ी कारोबारी उपलब्धि हासिल की है, जिसमें उन्हें भारत और विदेशी बाजारों में विद्युत पारेषण एवं वितरण क्षेत्र में 2,372 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी के सीईओ ने इस मौके पर कहा कि यह ढेर सारे नए ठेके हमें भारत, नॉर्डिक्स और पश्चिम एशिया के तेजी से बढ़ते ईपीसी क्षेत्रों में अपनी बाजार स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। केपीआईएल वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाएं क्रियान्वित कर रही है और इसकी वैश्विक स्तर पर 75 देशों में उपस्थिति है, जो कंपनी के मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड की गरिमा को बढ़ाता है। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल के उद्यमिता और क्रियाशीलता से इस नए मंजिल को हासिल करने में मदद की गई जानकारी देने के लिए तर्कसंगत है। वे इस सफलता को एक अभिनंदन के रूप में स्वीकारते हैं और भविष्य में और भी उच्च स्तर की ऊँचाई प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।



## अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट में मेजर श्रीनिवासन का किरदार निभाएंगे अरविंद स्वामी

अभिनेता से निर्देशक बने अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म में लगातार नए-नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है। जिनका अनुपम खेर स्वागत कर रहे हैं। इयान ग्लेन, बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ के बाद अब अनुपम खेर की फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हुई है। जिसकी जानकारी अनुपम खेर ने खुद दी है।

### अनुपम खेर ने अरविंद स्वामी को बताया भरोसेमंद दोस्त

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी है कि एक्टर अरविंद स्वामी की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में एंट्री हुई है। अरविंद स्वामी फिल्म में मेजर श्रीनिवासन की भूमिका निभाएंगे। अनुपम ने अरविंद स्वामी का पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, पहली बार मैंने अरविंद स्वामी को रोजा में देखा था। मैं इस नए अभिनेता के अभिनय से दंग रह गया। फिर मैंने उन्हें फिल्म बॉम्बे में देखा। मेरे लिए, वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक शानदार अभिनेता का आगमन था। बहुत सालों बाद में हमने एक फिल्म की 'सात रंग के सपने'। इस फिल्म के दौरान मुझे जीवन भर के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय दोस्त मिला।

### कई सालों तक याद किया जाएगा मेजर श्रीनि का किरदार

निर्देशक अनुपम खेर ने आगे अरविंद स्वामी की भूमिका के बारे में बात करते हुए लिखा, जब मैं 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मेजर श्रीनिवासन की भूमिका के लिए किसी अभिनेता को चुनना चाहता था, तो मेरे दिमाग में कोई और नहीं आया। फिल्म में उन्हें मेजर श्रीनि कहा गया है, जो ताकत, साहस और बहादुरी का पावरहाउस है। अरविंद के प्रदर्शन ने मुझे गौरवान्वित महसूस कराया। ठीक वैसे ही जैसे भारतीय सेना हम सभी को सुरक्षित, संरक्षित और प्रतिष्ठित महसूस कराती है। स्वामी आपकी दोस्ती, मुझ पर विश्वास और आपकी प्रतिभा के लिए धन्यवाद। आप न केवल एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन दोस्त भी हैं। मेजर श्रीनि का आपका किरदार आने वाले कई सालों तक याद रखा जाएगा। जय हिंद।

### बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ भी निभाएंगे अहम भूमिकाएं

अनुपम खेर द्वारा निर्देशित 'तन्वी द ग्रेट' में शुभांगी दत्त प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। जबकि फिल्म में बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और गेम ऑफ थ्रोन्स के एक्टर इयान ग्लेन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट का एलान अभी नहीं किया गया है।



## राजकुमार राव की पत्नी कहलाना पत्रलेखा को नहीं पसंद

**अपनी हालिया रिलीज 'फुले' को लेकर चर्चाओं में रहीं अभिनेत्री पत्रलेखा को अभिनेता राजकुमार राव की पत्नी के नाते ज्यादा पहचाना जाता है। जो कि पत्रलेखा को बिल्कुल भी पसंद नहीं है। खुद पत्रलेखा ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें राजकुमार राव की पत्नी के नाम से पहचाना जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं है।**

### मेरा एक नाम है अस्तित्व है

बातचीत में अभिनेत्री पत्रलेखा ने इस बारे में बात की। जिसमें उन्होंने शादी के बाद राजकुमार राव की पत्नी के तौर पर अधिक पहचान मिलने से नाराजगी जताई है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इससे वाकई नफरत है और मैं खुद को बहुत छोटा महसूस करती हूं। क्योंकि मेरा एक नाम है। मेरा एक अस्तित्व है। मेरी एक पहचान है। लेकिन एक मशहूर पति की आड़ में ये सबकुछ छुप जाता है।

### मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ

अपने करियर को लेकर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मेरे करियर में संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। कई लोगों को लगता है कि मेरा सफर आसान रहा होगा क्योंकि मैं किसी जाने-माने अभिनेता को डेट कर रही थी या अब उससे शादी हो चुकी है। लेकिन ऐसा नहीं है। यदि आप खुद को एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। अपना खुद का करियर ग्राफ बनाना, यह बहुत कठिन है।

### मेकर्स राजकुमार राव को कास्ट करने के इरादे से मेरे पास स्क्रिप्ट लाते हैं

पत्रलेखा ने आगे बताया कि कैसे लोग उनके पास स्क्रिप्ट इसलिए लाते हैं क्योंकि वो राजकुमार राव को फिल्म में लाने में मदद करेंगी। अभिनेत्री ने कहा, लोग अक्सर मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर आते हैं, इसलिए नहीं कि वे वाकई मुझे प्रोजेक्ट में चाहते हैं। बल्कि इसलिए कि उन्हें उम्मीद है कि मैं राजकुमार राव के लिए एक पुल का काम करूंगी। मेकर्स अक्सर मेरी प्रतिभा में दिलचस्पी दिखाने के बजाय मेरे पति को कास्ट करने के छिपे हुए इरादे से मेरे पास आते हैं। इस तरह का व्यवहार बेहद अपमानजनक लगता है। यह मेरी गरिमा के खिलाफ है। मैंने हमेशा अपने करियर और राजकुमार के बीच एक लाइन बना रखी है।

मीडिया और इंडस्ट्री से की अपील

पत्रलेखा ने मीडिया और इंडस्ट्री से भी एक अपील की कि उन्हें केवल एक लेबल तक सीमित न रखा जाए। वह कभी भी इस तरह से देखे जाने में सहज महसूस नहीं करेंगी और जब तक संभव हो, इसका विरोध करती रहेंगी।

### 'फुले' में नजर आई थीं पत्रलेखा

पत्रलेखा हाल ही में 'फुले' फिल्म में नजर आई थीं। यह फिल्म समाज सुधारक ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। इससे पहले वो अनुभव सिन्हा की वेब सीरीज 'आईसी 814 कंधार हाईजैक' में एयरहोस्टेस के किरदार में दिखाई दी थीं। पत्रलेखा ने अपने करियर में कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं।



## फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर ने ली 45 करोड़ रुपए फीस

हिद कपूर पिछली बार पूजा शा हेगड़े कर साथ फिल्म देवा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले समय में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज फर्जी का सीक्वल भी है। अब शाहिद की फीस का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... फर्जी 2 के लिए निर्माताओं की तरफ से शाहिद को 45 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। खास बात यह है कि यह राशि अब तक किसी भी प्रोजेक्टर के लिए मिली शाहिद के करियर की सबसे बड़ी रकम है। फर्जी 2 की कहानी लिखी जा चुकी है। इस साल के अंत तक शाहिद इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। यह सीरीज अगले साल के मध्य तक ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। राज और डीके ने फर्जी 2 के निर्देशन की कमान संभाली है। इसमें शाहिद का सामना विजय सेतुपति और केके मेनन से होगा। बता दें कि फर्जी का पहला भाग साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। ये एक ग्राफिक आर्टिस्ट सनी की कहानी है, जो अपने दादा की प्रिंटिंग प्रेस को बचाने के लिए नकली नोट छापने की दुनिया में कदम रखता है।

## सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म!

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल, यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए । एक नई शुरुआत।' सामंथा और राज निदिमोरु साथ में द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स के साथ भी देखा गया था। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर खबरें आने लगी थीं। हालांकि, अब तक दोनों ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्म शुभम का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। यह बतौर प्रोड्यूसर उनकी पहली फिल्म होगी।



## ओप्पम के रीमेक के लिए सैफ सीखेंगे कलारीपयट्ट

सैफ अली खान मलयालम की सुपरहिट थ्रिलर फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन करेंगे और इसकी शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। फिल्म में सैफ एक नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाएंगे और इस भूमिका को प्रामाणिकता देने के लिए वह पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट कलारीपयडू भी सीखेंगे।

सैफ की यह ट्रेनिंग इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के प्रति उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है, जिसमें फिजिकल स्किल और इमोशनल इंटेंसिटी दोनों की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफ, राहुल ढोलकिया की फिल्म पूरी करने के बाद दो महीने का ब्रेक लेंगे। इस इस दौरान वह नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाने की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भाग लेंगे। इसके बाद, वह कलारीपयडू सीखने के लिए केरल जाएंगे, क्योंकि उनका किरदार एक कुशल मार्शल आर्टिस्ट का है। मूल फिल्म ओप्पम में मोहनलाल का किरदार अपनी तेज सूंघने, सुनने और छूने की क्षमता के जरिए रहस्य को सुलझाता है और सैफ भी हिंदी रीमेक में उसी परफेक्शन को लाने के लिए कमिटेड हैं। वह इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करते दिखेंगे।

ओप्पम जयरामन नाम के शख्स की कहानी बताती है, जो नेत्रहीन है और एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की बेटी की रक्षा करता है, जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने की है जिसे न्यायाधीश ने एक जुर्म के लिए सजा सुनाई थी। हिंदी रीमेक का निर्देशन करने के साथ ही प्रियदर्शन इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं।





## वीरता की गाथा के साथ बड़ा मैसेज भी देगी केसरी वीर, इतिहास के सबसे अहम अध्याय को समर्पित

**जल्द ही प्रिंस धीमान निर्देशित फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी एक योद्धा का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले की एक ऐतिहासिक कहानी कहेगी। कैसे कुछ योद्धाओं ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा की थी, यही फिल्म की कहानी है। यह पहली बार नहीं है कि सुनील शेट्टी किसी एक्शन फिल्म कर हिस्सा बन रहे हों, वह अपने करियर में कई एक्शन फिल्म कर चुके हैं।**

**आपका किरदार इतिहास से है। इसके लुक पर क्या सावधानियां रखीं?**

वेगड़ा जी शिव भक्त योद्धा हैं, जिनके रुद्राक्ष, माला, केश, दाढ़ी और खास वेशभूषा उनकी पहचान हैं। पूरी फिल्म में एक ही कपड़े पहने यह किरदार आम शिवभक्त या भील राजा जैसा दिखता है। पिता के रूप में नियंत्रित, पर मुगलों के खिलाफ आक्रामक योद्धा के रूप में नजर आता है।

**कहीं से कोई किरदार था, जिससे इत्पायर होकर इसे आपने निभाया?**

हमने महाभारत के शूरवीरों से प्रेरित होकर भी वेगड़ा जी का किरदार डिजाइन किया है। क्लाइमैक्स में वह कालजयी रूप लेता है। वरना पूरी फिल्म में नियंत्रित दिखने वाला यह किरदार, अंत में अपने गुस्से के विस्फोट से सुनील शेट्टी नहीं, सिर्फ वेगड़ा जी के रूप में ही पहचाना जाएगा।

**क्या यह भी जेहन में था कि इसका स्केल बहुत बड़ा रखा जाए?**

बजट की कमी के बावजूद, हमने प्रामाणिक कैमरा वर्क, कॉस्ट्यूम, बैकग्राउंड स्कोर और शूटिंग से स्केल बनाए रखा। फिल्मसिटी के जंगलों को वॉर जोन जैसा बनाकर, कंकड़-पत्थरों और पेड़ों के बीच असली एक्शन सीक्वेंस शूट किए गए हैं। इसका मकसद वेगड़ा जी और हमीरजी गोहिल के वास्तविक गोरिल्ला युद्ध शैली को दिखाना है, जैसे उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों का सामना किया था। हमने जंगलों को जस का तस रखा।

**शांत रोल्स के विपरीत, वेगड़ा के ललकार वाले सीन में आपने क्या सोचा था?**

करो या मरो वाली स्थिति में गुस्सा स्वाभाविक है, जैसा बॉर्डर में भी था। मौत के तांडव में इंसान का आक्रामक रूप दिखता ही है। वेगड़ा जी की जगह खुद को रखकर, दुश्मन को मारने के सिवा कोई और विकल्प नहीं सूझा। एक्शन के साथ आंखों में गुस्सा लाना जरूरी था। डबिंग में आंसू थे, क्योंकि पिता अपनी बेटी को कुछ न दे पाने की हालत में जान तक देने को तैयार था।

**क्या फिल्म में कोई मैसेज भी है?**

हमारी फिल्म का यही संदेश है कि हमें बंटना नहीं है, एकजुट रहना है क्योंकि उस दौर में वेगड़ा जी जैसे वफादार योद्धा तो थे लेकिन कई राजा दुश्मनों से मिल गए और उनके मुखबिर बन गए, जिसका नतीजा सबको पता है।

**नैरटिव की ऐतिहासिक सटीकता कितनी है?**

हमारे डायरेक्टर प्रिंस धीमान बहुत सच्चे रहे हैं, हर पहलू को लेकर। सोमनाथ मंदिर पर दर्जन भर से ज्यादा बार हमले हुए। उसमें से जो चौथी बार का हमला था, हमारी कहानी उस बारे में है। युद्ध के स्केल को बड़ा दिखाने के लिए जरूर क्रिएटिव कोशिशें हुई हैं, मगर जो वेगड़ा जी का अपनी बेटी के प्रति एक बेपनाह प्यार था, वह बिल्कुल सच्चा रखा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in